दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
वर्ष: 2 | अंक: 227 जयपुर, गुरुवार, 27 जुलाई, 2023 | श्रावण, शुक्ल पक्ष- नवमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak



**दस माह में प्रधानमंत्री का आठवां दौरा:** शेखावाटी में 21 में से 3 ही सीट हैं बीजेपी के पास

## सीकर से शेखावाटी के चुनावी समीकरण साधेंगे मोदी

- किसानों के लिए योजनाओं की करेंगे शुरुआत
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी जुड़ेंगे वर्चुअल

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को शेखावटी से देश के किसानों के लिए 1.25 लाख प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र यानी पीएमकेएसके को समर्पित करेंगे। वहीं मोदी "यूरिया गोल्ड" के नाम से सल्फर लेपित यूरिया को भी सीकर के एक कार्यक्रम में लॉन्च करेंगे। साथ ही, प्रधानमंत्री का अलग से जनसभा करने का कार्यक्रम भी रहेगा। मोदी की जनसभा और किसानों की योजनाओं की लॉन्चिंग को पीएम मोदी के शेखावटी इलाके में पिछले चुनाव में कमजोर प्रदर्शन करने वाली भाजपा को चुनावी ताकत देने और चुनावी समीकरण साधने के प्रयासों से जोड़ कर देखा जा रहा है। जाट बहुल इलाके शेखावाटी में के 3 जिलों- सीकर, चूरू और झुंझुनूं की 21 सीटों में से 1 समर्थित निर्दलीय मिलाकर 18 सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। भाजपा के विधायक केवल तीन हैं। जिनमें राजेंद्र राठौड़, अभिनेष महर्षि और सुभाष पूनियां शामिल हैं।

वहीं प्रदेश में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी बढ़ने के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के दौरे भी बढ़ रहे हैं। दस माह में मोदी का यह आठवां प्रदेश दौरा है। भाजपा यह पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी की तरफ स्थानीय नेता का चेहरा आगे नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम का आगे रख कर भाजपा विधानसभा चुनाव में उतरेगी।

### सात नए मेडिकल कॉलेजों की रखेंगे आधारशिला

प्रधानमंत्री चित्तौड़गढ़, धौलपुर, सिरोही, सीकर और श्रीगंगानगर में पांच नए चिकित्सा महाविद्यालयों का उद्घाटन करेंगे और बारां, बूंदी, करौली, झुंझुनूं, सवाई माधोपुर, जैसलमेर और टोंक में सात चिकित्सा महाविद्यालयों की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री जिन चिकित्सा महाविद्यालयों का उद्घाटन करेंगे उन पर कुल 1400 करोड़ रुपए की लागत आई है, जबकि वे जिन सात चिकित्सा महाविद्यालयों की आधारशिला रखेंगे, उन पर 2,275 करोड़ की लागत आएगी। इन मेडिकल कॉलेजों के शुरू होने के बाद राजस्थान में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ कर 35 हो जाएगी। इन 12 नए चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना से राज्य में एमबीबीएस सीटों की संख्या 2013-14 में 1,750 सीटों से बढ़कर 6275 हो जाएगी। इसके अलावा, प्रधानमंत्री उदयपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ और डूंगरपुर जिलों में स्थित छह एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन करेंगे, जिससे इन जिलों की जनजातीय आबादी लाभान्वित होगी। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जोधपुर में एक केंद्रीय विद्यालय का भी उद्घाटन करेंगे।

### किसानों के लिए ओपन नेटवर्क होगा शुरू

सीकर में प्रधानमंत्री डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क पर 1,500 किसान उत्पादक संगठनों की ऑनबोर्डिंग की शुरुआत करेंगे। ओएनडीसी, एफपीओ को डिजिटल मार्केटिंग, ऑनलाइन भुगतान व बिजनेस-टू-बिजनेस तक लेन देन को सशक्त बनाता है। वे पीएम-किसान सम्मान निधि के तहत लगभग 17,000 करोड़ रुपए की 14 वीं किस्त की राशि 8.5 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से जारी करेंगे।

### कब-कब राजस्थान आए पीएम

- 30 सितंबर 2022 को आबूरोड आए थे पीएम मोदी।
- 1 नवंबर 2022 को मानगढ़ धाम में आदिवासी सम्मेलन को संबोधित किया।
- 28 जनवरी 2023 को भीलवाड़ा के आसींद में गुर्जर समाज के सम्मेलन में भाग लिया।
- 12 फरवरी 2023 को दौसा के धनावड़ में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे लोकार्पण समारोह में।
- 10 मई 2023 को मोदी ने नाथद्वारा और सिरोही में जनसभा को संबोधित किया।
- 31 मई 2023 को अजमेर के कायड़ में की जनसभा।
- 8 जुलाई 2023 को बीकानेर में की जनसभा।

## जरूरी खबर

### भारत-वेस्टइंडीज के बीच ODI सीरीज आज से



**ब्रिजटाउन।** भारत-वेस्टइंडीज के बीच गुरुवार से तीन वनडे मैचों की श्रृंखला शुरू होगी। भारत विश्व कप के लिए टीम संयोजन तैयार करने के मकसद से इस श्रृंखला में कुछ खिलाड़ियों को आजमाना चाहेगा। दोनों टेस्ट की तरह इसमें भी भारत का पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है, लेकिन सीरीज में सूर्यकुमार, ईशान, सैमसन, युजवेंद्र चहल और उमरान मलिक जैसे खिलाड़ियों पर नजरें रहेंगी। टी20 क्रिकेट का अपना फॉर्म वनडे में नहीं दोहरा सके सूर्यकुमार चोटिल श्रेयस अय्यर की गैर मौजूदगी में चौथे नंबर पर खेल सकते हैं। बता दें, सूर्य कुमार यादव के कॅरिअर के लिए यह सीरीज उनके लिए काफी अहमियत रखती है। उनकी परफोरमेंस वनडे मैचों में उनके भविष्य को तय करेगी। बताया जा रहा है कि क्रिकेट प्रेमियों को उनसे इस सीरीज में बड़ी उम्मीद है।

### कन्हैया हत्याकांड: सुनवाई टली, अब 1 अगस्त को होगी



**जयपुर।** उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड मामले में बुधवार को होने वाली सुनवाई जज के छुट्टी पर होने के कारण टल गई है। अब इस मामले में 1 अगस्त को सुनवाई होगी। गौरतलब है कि एनआईए की विशेष अदालत में बुधवार को चार्ज बहस होनी थी। इस दौरान 9 आरोपियों की वीसी के माध्यम से पेशी थी। इस मामले के आरोपियों की अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल से वीसी के जरिए कोर्ट में पेश किया जाना था। आगामी सुनवाई में आरोपों पर दोनों पक्ष अपनी-अपनी दलीलें पेश करेंगे। दरअसल, जघीना हत्याकांड में हुई चूक के कारण इस मामले में वीसी से पेशी रखी गई थी।

**लाल डायरी की रार:** राठौड़ ने कहा, गुढ़ा बेहद अविश्वसनीय व्यक्ति

## गुढ़ा के खिलाफ मानहानि का केस करेंगे मंत्री जोशी

### आयकर विभाग ने जब्त की थी तीन डायरियां

बेधड़क | जयपुर

लाल डायरी मामले में अब कांग्रेस नेताओं ने बर्खास्त मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा पर तीखे हमले शुरू कर दिए हैं। जलदाय मंत्री महेश जोशी ने बुधवार को कहा कि वह बर्खास्त किए गए मंत्री राजेंद्र गुढ़ा के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज करवाने पर विचार कर रहे हैं। जोशी ने यहां कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में बुधवार को मीडिया से कहा कि मैं राजेंद्र गुढ़ा के खिलाफ मानहानि की एफआईआर दर्ज करवा रहा हूं। वकीलों से राय ले रहा हूं।

वहीं, इस मामले में पहली बार आरटीडीसी के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने भी बयान जारी किया कि गुढ़ा बेहद अविश्वसनीय व्यक्ति हैं। वे मेरे घर में दस साल तक रहे, फिर भी उन्होंने अंदर ही अंदर कांग्रेस के खिलाफ षड्यंत्र किया। गुढ़ा ने मंगलवार को राज्य के सभी मंत्रियों का 'नार्को टेस्ट' कराने की मांग की थी।

### किसी चीज को 'डायरी' बताया

गुढ़ा द्वारा विधानसभा में उठाए गए कथित 'लाल डायरी' के मुद्दे को मंत्री महेश जोशी ने कांग्रेस को बदनाम करने की साजिश बताया और कहा कि किसी चीज को डायरी बताया जा रहा है, जो डायरी लग ही नहीं रही। गुढ़ा सदन में जिसे लाल डायरी को बताकर लहरा रहे थे, वे खुद चाह रहे थे कि वह इधर-उधर हो जाए, ताकि वे कह सकें कि वह खो गई। कांग्रेस के किसी विधायक के पास वह कथित डायरी है या गुढ़ा ने उसे कहीं फेंक दी है, वही जानें, लेकिन उसी वक्त भाजपा के सदस्य छोटी-छोटी लाल डायरियां लहरा रहे थे, तो ऐसे में अगर यह साजिश नहीं है तो कैसे वैसी दूसरी डायरियां आ गईं? यह कांग्रेस को बदनाम करने की साजिश है और भाजपा इसमें पूर्णत: लिप्त है। यह भाजपा के इशारे पर हुआ है और जहां तक मेरा व्यक्तिगत मामला है, मैं मानहानि का केस दर्ज करवा रहा हूं।







### पार्टी लाइन से अलग चल रहे गुढ़ा

धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि लगभग सालभर से गुढ़ा पार्टी लाइन से हटकर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे। मैंने इनको समझाने का प्रयास किया कि ऐसा न करें, परन्तु मैं तब समझ नहीं पाया कि अंदर ही अंदर क्या षड्यंत्र चल रहा है और ये किन-किन कांग्रेस और बीजेपी नेताओं के संपर्क में हैं। राठौड़ ने कहा कि आज आश्चर्यजनक रूप से गुढ़ा की प्रशंसा कर रहे केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कुछ दिन पूर्व गुढ़ा को जब 'बिन पैंदे का लोटा' कहा था, तब भी मैंने इनका बचाव किया था।

### मध्यप्रदेश की तर्ज पर राजस्थान में सरकार गिराने का प्रयास

धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि यह सर्वविदित है कि बीजेपी ने मध्य प्रदेश की तर्ज पर राजस्थान में भी सरकार गिराने का प्रयास किया। इसी षड्यंत्र के तहत केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा कांग्रेस नेताओं, तमाम प्रतिष्ठानों एवं मुख्यमंत्री के भाई तक के घर पर छापा डाला। मुझे याद है कि उस दौरान गुढ़ा मेरे घर आए थे, पर कभी भी मेरे से इन्होंने किसी लाल डायरी की चर्चा नहीं की। मैं हमेशा गांधी डायरी का उपयोग करता हूं और अपनी दिनचर्या इसमें लिखता हूं। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के लोग मेरे घर से 3 डायरियां लेकर गए थे, जिनमें ऐसी गांधी डायरियां थीं। ये उनके रिकॉर्ड में भी दर्ज हैं।

**500 रुपए में गैस सिलेंडर की सब्सिडी की सौगात**

## गहलोत लाभार्थियों के खातों में ट्रांसफर करेंगे ₹155 करोड़

बेधड़क | जयपुर



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के लाभार्थी संवाद कार्यक्रम के दूसरे चरण में गुरुवार को 36 लाख से अधिक लाभार्थियों को 155 करोड़ रुपए से अधिक राशि ट्रांसफर करेंगे। सीएमआर में दोपहर 12 बजे आयोजित लाभार्थी संवाद कार्यक्रम से उपभोक्ताओं के जनआधार से लिंक बैंक खातों में यह राशि प्रत्यक्ष हस्तांतरण के माध्यम से पहुंचेगी। इसमें अप्रैल माह के डीबीटी के लाभ से शेष रहे 1.72 लाख उपभोक्ताओं को 7.32 करोड़ रुपए के साथ ही मई माह के 16.71 लाख उपभोक्ताओं को 70.86 करोड़ और जून माह के 18.33 लाख उपभोक्ताओं को 77.73 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जाएंगे। इस प्रकार कुल 36.76 लाख उपभोक्ताओं को 155.92 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जाएंगे। यह लाभार्थी संवाद के कार्यक्रम सभी जिलों में होगा। इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के पंजीकृत उपभोक्ताओं को लाभ हस्तांतरण का यह दूसरा चरण है। इससे पहले 5 जून को सीएम ने लगभग 14 लाख पंजीकृत उपभोक्ताओं के खातों में करीब 60 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए थे। गौरतलब है कि सीएम ने 76 लाख उपभोक्ताओं को मात्र 500 रुपए में गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराने की घोषणा की थी।

**राहुल गांधी ने की गहलोत सरकार की तारीफ, लिखा...**

## 'वादा करते हैं, उसे निभाते हैं'

बेधड़क | जयपुर



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राजस्थान में 'प्लेटफॉर्म आधारित गिग वर्कर्स (पंजीकरण और कल्याण) विधेयक 2023' पारित किए जाने का हवाला देते हुए बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी जो वादा करती है, उसे पूरा करके दिखाती है। राजस्थान विधानसभा ने सोमवार को यह विधेयक पारित कर दिया है, जिसमें कल्याण बोर्ड के गठन, गिग श्रमिकों के पंजीकरण और श्रमिक निधि का प्रावधान है। ऑनलाइन कंपनियों के साथ डिलिवरी (सामान की आपूर्ति) से जुड़े कार्य करने वाले कर्मचारी 'गिग वर्कर' कहलाते हैं।

राहुल गांधी ने लिखा कि राजस्थान के तीन लाख से ज्यादा गिग वर्कर्स को उनका अधिकार और आत्मसम्मान दिलाने के लिए राज्य की कांग्रेस सरकार ने नया कानून लागू किया है, जो कि भारत का पहला ऐसा कानून है। उन्होंने कहा कि यह कानून 'गिग इकॉनमी' के श्रमिकों को आर्थिक सुरक्षा देगा, करोड़ों युवाओं के लिए भरोसेमंद रोजगार का आधार बनेगा। राहुल गांधी ने कहा, "भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मैं कई गिग वर्कर्स से मिला, कुछ टैक्सी चलाने वाले, तो कुछ डिलिवरी करने वाले काम में भविष्य अनिश्चित, और सड़कों पर हमेशा रहने के कारण जोखिम भरा भी। एक बात उन सभी ने कही, मेहनत तो वो दिन रात करते हैं, मगर उनके पास कोई आर्थिक सुरक्षा नहीं है। राहुल के ट्वीट को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत री-ट्वीट किया है।

**भरतपुर के जघीना हत्याकांड में कार्रवाई**

## SIT ने आईजी को सौंपी जांच रिपोर्ट... 11 पुलिसकर्मी सस्पेंड

- हार्डकोर अपराधी वाली सुरक्षा नहीं थी, पुलिस के पास संसाधनों की कमी
- तीन महीनों में 12वीं बार बस से ही ले जा रहे थे पेशी पर
- 12 जुलाई को रोडवेज बस में बदमाशों ने गोली मार कर की थी जघीना की हत्या

बेधड़क | जयपुर

भरतपुर के हलैना में रोडवेज बस में पेशी पर ले जाए जा रहे हार्डकोर बदमाश कुलदीप जघीना की हत्या के मामले की गठित की गई एसआईटी ने जांच रिपोर्ट सीआईडी क्राइम ब्रांच के आईजी के माध्यम से डीजीपी को सौंप दी। उसके आधार पर बुधवार को 11 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। अब इसकी जांच विजिलेंस को दी गई है। जांच रिपोर्ट में बस में सवार चालानी गार्ड व भरतपुर में बस की एस्कॉर्ट कर रही पुलिस टीम की लापरवाही मानी गई है।



कुलदीप जघीना

### इनके खिलाफ हुआ एक्शन

रिपोर्ट के आधार पर भरतपुर के हलैना थाने से एस्कॉर्ट प्रभारी एसआई हरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल सत्यवीर, चंद्रपाल व जगवीर सिंह के साथ ही जयपुर कमिश्नरेट से चालानी गार्ड प्रभारी हेड कांस्टेबल शंकर लाल, कांस्टेबलों नेमीचंद, जितेन्द्र, रोहित, सुरेन्द्र, महेन्द्र व सुरेन्द्र को निलंबित किया गया। अन्य कार्मिकों की भूमिका की जांच रिपोर्ट अग्रिम कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को भेजी गई।

### सुरक्षा व्यवस्था मापदंडों के अनुसार नहीं थी

जांच में यह भी सामने आया है कि कुलदीप जघीना व विजयपाल को हार्डकोर अपराधियों के सुरक्षा मापदंडों के अनुसार दी जाने वाली सुरक्षा में पेशी पर नहीं ले जाया जा रहा था। वहीं, ऐसे हत्या के मामले में पकड़े गए हार्डकोर बदमाशों को कोर्ट में पेशी में ले जाने को लेकर पुलिस संसाधनों की कमी पर भी टिप्पणी की गई है। जयपुर पुलिस इन अपराधियों को तीन माह में 12वीं बार रोडवेज बस में बैठाकर भरतपुर लेकर जा रही थी।

### जेल प्रशासन की भी खामी आई सामने

जयपुर पुलिस लाइन में जयपुर जेल से मिले वारंट में बदमाशों को लेकर हार्डकोर या हिस्ट्रीशीटर नहीं लिखा हुआ था। इसलिए हर बार की तरह एक हेड कांस्टेबल सहित 6 कांस्टेबल की टीम भेजी गई थी। इसीलिए पुलिस बदमाशों को सरकारी बस में ले जा रही थी। इससे पहले भी दोनों बदमाशों को बस से 11 बार ले जा चुके थे। जुलाई में जिस दिन बस में गोली मारकर हत्या की गई उस महीने में यह तीसरी पेशी थी। इससे पूर्व जून में 6 पेशी हुई थी। बता दें भरतपुर जेल प्रशासन ने इन्हें जयपुर जेल भेजने के दौरान अपने लेटर में हार्डकोर बताया था, लेकिन जयपुर जेल के कर्मचारियों ने इसे नजरंदाज किया।

## जरूरी खबर

### ब्लैक पेपर बांटे, प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान



**जयपुर।** 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के तहत प्रदेश भाजपा 1 अगस्त को सचिवालय का घेराव करेगी। बुधवार को मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस सरकार की विफलताओं को गिनाते हुए ब्लैक पेपर बांटे। इस दौरान उन्होंने 1 अगस्त को किए जाने वाले प्रदर्शन में शामिल होने के लिए आमजन का आह्वान किया। सराफ ने वार्ड 137 में घर-घर जाकर आम जनता को ब्लैक पेपर बांटे। विधानसभा संयोजक ब्रह्म कुमार सैनी ने बताया कि क्षेत्र के सभी 26 वार्डों में यह ब्लैक पेपर बांटे गए।

### राज्य सरकार के खिलाफ कर्मचारी खोलेंगे मोर्चा

**जयपुर।** कांग्रेस की ओर से वर्ष 2018 के घोषणा पत्र में राज्य कर्मचारियों से किए गए वादों को पूरा नहीं करने के विरोध में प्रदेशभर के राज्य कर्मचारी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी में हैं। बुधवार को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ प्रदेश महासमिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें कांग्रेस की ओर से घोषणा पत्र में किए गए वादों एवं अन्य मांगों पर चर्चा की गई। इस दौरान 2 अगस्त से प्रदेशव्यापी आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया 2 अगस्त को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर धरने-प्रदर्शन कर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। 11 अगस्त को जयपुर में प्रदेशव्यापी रैली होगी।

### बहुमंजिला आवासों के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव ने बुधवार को गांधीनगर में प्रथम श्रेणी के 32 बहुमंजिला आवासों के निर्माण कार्यों का विभाग मुख्यालय से वर्चुअली शिलान्यास किया। इस दौरान मंत्री जाटव ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए पर्याप्त बजट दिया है। इसी का परिणाम है कि आज गांव-गांव तक बेहतरीन सड़कें बनी है। उन्होंने कहा कि विभाग आधुनिक भवनों का निर्माण कर रहा है, जिसमें वास्तु, ग्रीन बिल्डिंग आदि आवश्यक कार्य नियोजित तरीके से हो रहे हैं।

## बायतु विधायक हरिश चौधरी ने बजरी मामले को लेकर आरएलपी प्रमुख पर साधा निशाना

# बजरी मामले को सुलझाने के बजाए उलझा रहे बेनीवाल

**बेधड़क** | जयपुर

पंजाब कांग्रेस प्रभारी और बायतु विधायक हरीश चौधरी ने बजरी खनन मामले में आरएलपी प्रमुख और सांसद हनुमान बेनीवाल पर बड़ा हमला बोला है। जयपुर में बुधवार को प्रेस वार्ता कर उन्होंने कहा कि हनुमान बेनीवाल बजरी मामले को और ज्यादा उलझा रहे हैं, जिससे कि माफियाओं को फायदा और आमजन को बजरी महंगी मिलती रहे।

उन्होंने कहा कि वे आंदोलन और बवाल कर जनता को मुद्दों से भटका रहे हैं। उन्होंने बजरी के विषय में बोलते हुए कहा कि आज राजस्थान में बजरी महंगी मिल रही है। इस विषय को उलझाने की बजाय हमें समाधान की बात करनी चाहिए।

हरीश चौधरी ने कहा कि साल 2013 से पहले आम उपभोक्ता बजरी को आसानी से ले जा सकता था। रॉयल्टी के ठेके की जगह 2013 में हाईकोर्ट ने कहा कि बजरी में लीज की व्यवस्था लागू होगी और इस लीज की अवधि पांच साल होगी।

खुली बोली लगी और बाड़मेर जिले में 2012-13 में 58 करोड़ 52 लाख की लीज का अधिकार ठेकेदारों को मिला। अब आम



उपभोगता लीजधारक से ही बजरी खरीद सकता है। बजरी के दाम के साथ डीएमएफडी, आरएसएमटी, जीएसटी, सीटीओ, सीटीई, सीएसआर और आयकर भी जनता से ही वसूला जा रहा है।

### बेनीवाल किसके हित में कर रहे हैं आंदोलन और विवाद

विधायक हरीश चौधरी ने बेनीवाल पर आरोप लगाते हुए सवाल किया कि वह आंदोलन और विवाद किसके हित के लिए कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि अभी जुलाई और अगस्त के महीने में खनन नहीं हो सकता, तो बजरी बेच कौन रहा है? सिर्फ लीजधारक को ही इसका अधिकार है। इस व्यवस्था ने लीजधारकों को एक मोनोपॉली दे दी है, जिसका वो फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेनीवाल की मंशा सिर्फ इन ठेकेदारों की मदद करना है। इससे भार आम उपभोगताओं पर पड़ेगा। खनन के ऊपर लागू पेनल्टी में भी जनता का ही नुकसान है। चौधरी ने बेनीवाल से सवाल करते हुए पूछा कि जब वो गठबंधन की सरकार में सांसद थे, तब मौन क्यों खड़े थे? जनता की आवाज संसद तक क्यों नहीं पहुंचाई? 13 प्रकार के टैक्स के खिलाफ एक भी शब्द क्यों नहीं बोला?

### कानून और नियमों में होने चाहिए परिवर्तन

चौधरी ने कहा कि राजस्थान की जनता को सस्ती बजरी कानून और नियम में परिवर्तन से ही मिलेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से एक नई पॉलिसी बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार राज्य में छोटे लीजधारक को बढ़ावा देगी और उनके संरक्षण का भी प्रावधान बनाएगी। उन्होंने देश और राजस्थान के संपूर्ण किसानों के लिए नॉन-कमर्शियल ट्रैक्टर के अधिकार की भी मांग की और कहा कि इससे किसान आर्थिक रूप से सफल होंगे।

### गुढ़ा को एजेंसियों के पास जाना चाहिए था

वहीं चौधरी ने राजेंद्र गुढ़ा के लाल डायरी प्रकरण पर कहा कि राजेद्र गुढ़ा मुद्दों से भटकाने की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग आज लाल डायरी को लेकर सरकार पर आरोप लगा रहे हैं उनको सदन के बजाए जांच एजेंसियों के पास जाकर शिकायत करनी चाहिए। अगर वाकई में लाल डायरी में कुछ है तो फिर गुढ़ा एजेसियों के पास जाने से क्यों कतरा रहे हैं। सदन में संकल्पों पर वो चर्चा नहीं करना चाहते थे। मैंने लाल डायरी नहीं देखी और अगर राजेंद्र गुढ़ा सदन में लाल डायरी को टेबल करना चाहते थे तो उन्हें टेबल करने के प्रावधान पता है, उसके अनुरूप उन्हें रखनी चाहिए थी।

## मणिपुर हिंसा पर रोष: महिलाओं के सम्मान में, कांग्रेस-भाजपा मैदान में

# कांग्रेस का हल्ला बोल तो BJP महिला मोर्चा का थाली प्रदर्शन

**जयपुर।** महिलाओं के सम्मान में कांग्रेस और भाजपा दोनों सड़कों पर उतरीं और बुधवार को प्रदर्शन किया। पीएम मोदी के राजस्थान दौरे से एक दिन पहले मणिपुर हिंसा पर प्रदेशभर में कांग्रेस ने हल्ला बोला और सभी जिलों में पैदल मार्च निकाला। वहीं जयपुर में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से शहीद स्मारक तक पैदल मार्च निकाला गया। वहीं 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेसी विधायकों के घरों पर थाली बजाकर प्रदर्शन किया। मंत्री धारीवाल के आवास के बाहर प्रदर्शन किया गया।

### प्रदेश को नीचा दिखा रही भाजपा




मणिपुर में चल रहे जातीय संघर्ष, महिलाओं, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ते अत्याचार को मुद्दा बनाते हुए कांग्रेस ने प्रदेशभर में पैदल मार्च निकाला। जयपुर में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से शहीद स्मारक तक मार्च निकाला गया। इस दौरान जलदाय मंत्री महेश जोशी ने कहा कि भाजपा वाले राजस्थान को नीचा दिखाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। भाजपा नेता लगातार झूठ पर झूठ बोल रहे हैं और गहलोत सरकार के साथ-साथ राजस्थान पुलिस और प्रदेशवासियों का मान-सम्मान गिराने में लगे हुए है। ऐसे में नेताओं को शर्म भी नहीं आती जो अपने ही घर को खराब बताने में लगे हुए हैं। जोशी ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि मणिपुर में भाजपा की सरकार है और वहां लगातार हिंसा भड़क रही है, लेकिन केंद्र सरकार चुप है। अगर ऐसी हिंसा किसी अन्य राज्य में होती और वहां भाजपा की सरकार नहीं होती तो क्या मोदी सरकार चुप रहती। अगर कांग्रेस शासित राज्य में मणिपुर की तरह हिंसा होती तो केंद्र सरकार राष्ट्रपति शासन लगा देती। पैदल मार्च में मंत्री बीडी कल्ला, प्रताप सिंह खाचरियावास, अर्चना शर्मा, ज्योति खंडेलवाल, मेयर मुनेश गुर्जर सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

### मंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन



'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता कांग्रेसी विधायकों के घरों पर थाली बजाकर प्रदर्शन किया और जयपुर में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के सरकारी आवास के बाहर प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ता धारीवाल के आवास के मेन गेट पर चढ़ गईं और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। महिला कार्यकर्ताओं ने धारीवाल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लाल डायरी भी लहराई। इस दौरान डॉ. रक्षा भंडारी ने कहा कि राजस्थान महिला अपराध के मामलों में नंबर एक पर है। प्रदेश में जिस तरह आए दिन महिलाओं के साथ दुष्कर्म और हिंसा की घटनाएं हो रही है राज्य सरकार आधी आबादी को सुरक्षा देने में पूरी तरह से नाकाम रही है। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जयश्री गर्ग ने कहा कि प्रदेश में आज महिलाएं व बच्चियां घर से बाहर निकलने से डरने लगी हैं। प्रदर्शन में महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री सरिता गैना, प्रदेश उपाध्यक्ष राधा भारद्वाज, दीपा नाथावत, ज्योति ज्यानी, स्नेहा काम्बोज शर्मा, वर्तिका सैन, अनुराधा माहेश्वरी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## संविदाकर्मियों को मिलेगा लाभ

# राज्यपाल ने राज्य सरकार के अधिसूचना प्रस्तावों को दी मंजूरी

**बेधड़क** | जयपुर



राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य सरकार के विभिन्न अधिसूचना प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है। राज्यपाल ने राज्य सेवा की उस प्रस्ताव अधिसूचना को मंजूरी दी है जिसके अंतर्गत अन्य सेवाओं से आईएएस में चयन (राजस्थान कांटेक्ट्रैचूअल अपॉइंटमेंट टू सिविल पोस्ट रूल 2022) की ही तरह संविदा कार्मिकों को भी पूर्व में की गई सेवा का लाभ मिल सकेगा।

मिश्र ने संविदाकर्मियों को नवीन संविदा नियमों में आने से पहले की सेवा से लाभ दिए जाने संबंधित संशोधन अधिसूचना जारी करने संबंधी प्रस्ताव की मंत्रिमंडल आज्ञा का अनुमोदन किया है। वहीं राज्यपाल ने शासन सचिवालय, अधीनस्थ कार्यालयों और आरपीएससी से संबंधित मंत्रालयिक सेवा नियमों में शीघ्रलिपिक, निजी सहायक पाठ्यक्रम में राजस्थान के जीके को वेटेज देने संबंधित प्रावधान के प्रस्तावित संशोधन को मंजरी दी है।

### रिक्तियों को तीन भर्ती वर्षो तक अग्रेषित किए जाने की स्वीकृति

राज्यपाल ने राज्य सरकार के कार्मिक विभाग द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की भांति पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग के सीधी भर्ती में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने की दशा में इनकी रिक्तियों को तीन भर्ती वर्षों तक अग्रेषित किए जाने के लिए विविध सेवा नियमों में संशोधन के लिए जारी अधिसूचना प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान कर दी है। वहीं राज्यपाल ने सभी सेवा नियमों में समरूपता लाने के अंतर्गत 'रिजर्वेशन ऑफ वैकेन्सीज फॉर शिड्यूल्ड कास्ट्स एण्ड शिड्यूल्ड ट्राइब्स' के उपनियम चार में संशोधन किए जाने के लिए प्रस्तावित अधिसूचना का अनुमोदन किया है। सेवा नियमों में यह संशोधन अधिसूचना लागू होने से 17 जनवरी, 2013 के प्रावधान लागू हो जाएंगे।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी हुए कार्यक्रम में शामिल

# चौधरी ने किसान मोर्चा का पदभार संभाला

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय में पदभार ग्रहण कर लिया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने सांसद चौधरी को फूल माला पहनाकर पदभार ग्रहण कराया। पदभार ग्रहण के लिए भागीरथ चौधरी ट्रैक्टर रैली के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यालय तक आए थे।

इस दौरान उनके साथ सैंकडों की संख्या में समर्थक भी मौजूद रहे। सांसद चौधरी स्वयं ट्रैक्टर चलाकर पार्टी कार्यालय पहुंचे। राजस्थानी




वेशभूषा में आए भागीरथ चौधरी के भाजपा कार्यालय के मुख्य गेट पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने उनकी ताजपोशी की। जोशी ने कहा कि कांग्रेस सरकार में सबसे ज्यादा त्रस्त किसान भाई है। कर्ज माफी के नाम पर गहलोत सरकार ने प्रदेश के किसानों के साथ धोखा किया है।

आगामी चुनावों में हमारे किसान भाईयों ने गहलोत सरकार को सबक सिखाने की ठान ली है। पदभार संभालने के बाद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी व ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

इसमें आगामी चुनावों को लेकर अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी के प्रचार-प्रसार में जुट जाने का आह्वान किया और गुरुवार को सीकर में पीएम मोदी की सभा में पहुंचने का आह्वान किया। इस मौके पर ओपी यादव, खीवांराम चौधरी, दीपक सिरोहिया, धर्मेंद्र कुंतल, विधायक निर्मल कुमावत, बिहारीलाल बिश्नोई, श्रवण सिंह बगड़ी, रमेश जाजुदा, कुलदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

### राजे को फिर सीएम बनाने के लगे पोस्टर




**जयपुर।** जयपुर में लगे पोस्टर्स लोगों के बीच चर्चा को विषय बने रहे। यह पोस्टर भाजपा से पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के समर्थकों ने लगाए। उन्होंने राजे को फिर से मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान करते हुए शहर में यह पोस्टर लगाए हैं। यह पोस्टर पूर्व मंत्री राधेश्याम गंगानगर के बेटे वीरेंद्र राजपाल ने लगवाए हैं।

## प्रदेशवासियों को सीएम गहलोत ने दी सौगातें

# पिछड़ी जातियों के उत्थान के लिए अहिल्या बाई होल्कर बोर्ड का गठन

■ नेवटा बांध और कानोता बांध बनेगा टूरिज्म साइट

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की सरकार ने राजस्थान राज्य अहिल्या बाई होल्कर बोर्ड का गठन किया गया है। यह बोर्ड गडरिया (गाडरी), गायरी, घोसी (गवाला), पूर्बिया (धनगर, गाडरी) जाति वर्ग की स्थिति का जायजा लेकर, प्रमाणिक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर इन वर्गों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और इनके पिछड़ेपन को दूर करने के सुझाव राज्य सरकार को देगा। बोर्ड की ओर से समाज के शैक्षिक



व आर्थिक उन्नयन, रोजगार को बढ़ावा देने, सामाजिक बुराइयों, कुरीतियों के विरूद्ध ठोस उपाय करने और परम्परागत व्यवसाय को वर्तमान तौर-तरीकों से आगे बढ़ाने सहित अन्य सुझाव राज्य सरकार को प्रस्तुत किए जाएंगे।

इस बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और 5 गैर सरकारी सदस्य शामिल होंगे। साथ ही उद्योग विभाग, स्कूल शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, श्रम विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव, आयुक्त, निदेशक, संयुक्त निदेशक अथवा उनके प्रतिनिधि बोर्ड में सरकारी सदस्य के रूप में होंगे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक स्तरीय अधिकारी बोर्ड में सचिव होंगे। राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अथवा उनके प्रतिनिधि बोर्ड के विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। बोर्ड का प्रशासनिक विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग होगा।

### कानोता बांध पर बनेगा बर्ड वॉचिंग प्लेटफार्म



प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जयपुर के नेवटा और कानोता बांध को अब ईको एडवेंचर टूरिज्म साइट के रूप में विकसित किया जाएगा। राज्य सरकार इस पर 6.24 करोड़ रुपए खर्च करेगी। सीएम गहलोत ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी हैं। वहीं कानोता बांध पर लगभग 2.48 करोड़ रुपए की लागत से बर्ड वॉचिंग प्लेटफार्म, छतरी का निर्माण, 600 मीटर लम्बी पैरापेट दीवार सहित विभिन्न प्रकार के निर्माण किए जाएंगे। वहीं नेवटा बांध पर लगभग 3.75 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य होंगे। यहां प्रवेश द्वार से बांध की तरफ जाने वाला मार्ग भी बनाया जाएगा।

### 28 जिलों में खुलेंगे विवेकानन्द यूथ हॉस्टल

प्रदेश के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अब जिला मुख्यालयों में आवास की सुविधा मिलेगी। इसके लिए प्रदेश के 28 जिलों में विवेकानंद यूथ हॉस्टल खोले जाएंगे। सीएम गहलोत ने हॉस्टल निर्माण के लिए 78.18 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। हॉस्टल के निर्माण पूरे होने तक वैकल्पिक व्यवस्था के लिए 84 लाख रुपए का प्रावधान भी किया गया है। इन हॉस्टल में 50-50 आवासीय क्षमता होगी। जयपुर, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर और कोटा में भारत सरकार व राज्य सरकार के युवा आवास पहले से ही संचालित हैं।

### 8 राजकीय आईटीआई में 24 नवीन पद

वहीं सीएम गहलोत ने प्रदेश के 8 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में 24 नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। 24 पदों में अधीक्षक-1 के एक-एक पद एवं व्यवसाय अनुदेशक-1 के 2-2 पद शामिल हैं।

## जरूरी खबर

### 44 बीघा भूमि पर बस रही चार अवैध कॉलोनियां ध्वस्त



**जयपुर।** जेडीए ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जोन-13 में 43 बीघा कृषि भूमि पर बन रही चार अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया। जोन-9 में सवाई गेटोर गांव में खसरा नम्बर-891 में कृषि भूमि पर कॉमर्शियल बने टीनशेडनुमा 13 कमरे, पांच गोदामों को सील किया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-13 में साम्भरिया रोड कानोता में 32 बीघा कृषि भूमि पर, बस्सी में विद्युत विभाग जीएसएस के सामने मोक्षधाम के पास बस्सी चक में नाले के पास 2 बीघा कृषि भूमि में बसी अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया। इसके साथ ही दूधावाला, बस्सी में पूर्व में ध्वस्त दुबारा बसाई जा रही कॉलोनी को तोड़ा। अशोक विहार में 40 फीट सड़क पर से अतिक्रमण हटवाया गया।

### स्ट्रीट वैंडर्स के लिए निगम ने लगाया लोन शिविर

**जयपुर।** इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट गारंटी कार्ड योजना के तहत हेरिटेज निगम मुख्यालय में कार्डधारी स्ट्रीट वैंडर्स लिए हेरिटेज निगम मुख्यालय में लोन शिविर लगाया गया। महापौर मुनेश गुर्जर के निर्देश पर लगाए जा रहे शिविर में पात्रता वाले व्यक्ति 50 हजार तक का ब्याज मुक्त लोन ले सकते हैं। निगम आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट गारंटी कार्ड योजना के तहत शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले पात्र व्यक्तियों को 50 हजार रुपए तक का लोन ब्याज मुक्त स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से दिलाया जा रहा है। यह शिविर 29 जुलाई तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इस योजना में गारंटी की आवश्यकता नहीं है। ब्याज मुक्त इस ऋण पर 3 महीने की मोनिटेरियम अवधि होगी, जिससे ऋण प्राप्ति के चौथे माह से 18 मासिक किश्तों में भुगतान करना होगा।

**29 अप्रैल को एकेडमिक सत्र समाप्त, 3 महीने बाद भी खाली नहीं हुए छात्र संघ कार्यालय**

# राजस्थान यूनिवर्सिटी के अल्टीमेटम को छात्र नेता दिखा रहे ठेंगा

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के एकेडमिक सत्र खत्म होने के करीब 3 महीने बाद भी प्रशासन छात्र संघ पदाधिकारियों से अभी तक कार्यालय खाली नहीं करवा पाया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन इसको लेकर कोई रुचि नहीं दिखा रहा है। वहीं, शोध छात्र प्रतिनिधि राम स्वरूप ओला का निर्वाचन सीज होने के कुछ दिनों बाद ही कार्यालय को भी सीज कर दिया गया था। ऐसे में छात्र संघ अध्यक्ष, महासचिव और उपाध्यक्ष के कार्यालय ही खाली क्यों नहीं करवाए जा रहे हैं, यह सबसे बड़ा सवाल है।



"हो जायेंगे कार्यालय खाली। अभी बच्चों के एग्जाम चल रहे हैं। जल्दी से जल्दी खाली करवाएंगे। एक को सीज कर दिया है। छात्र नेताओं से बात की है एक दो दिन का ही कह रहे हैं। बच्चों पर पुलिस कार्रवाई तो कर नहीं सकते। समझाइश कर कार्यालय खाली करवाएंगे।

**एच एस पलसानिया,** चीफ प्रॉक्टर

"संयुक्त सचिव ने कार्यालय खाली कर चाबी सौंप दी है। अध्यक्ष और महासचिव, उपाध्यक्ष को कार्यालय खाली करने के निर्देश दे दिए हैं। कार्यालय खाली नहीं करने पर प्रॉक्टरल बोर्ड को भी पत्र लिखकर अवगत करवा दिया है। आगे की नियमानुसार कार्रवाई प्रॉक्टरल बोर्ड ही करेगा।

**नरेश मलिक,** डीएसडब्ल्यू

### आए दिन अप्रिय घटनाएं

छात्र संघ कार्यालय खाली नहीं होने से कार्यालय परिसर में देर रात तक छात्रों का जमावड़ा बना रहता है। वहीं, कार्यालय के बाहर बिना नंबर की गाड़िया भी घूमती रहती हैं। पिछले एक महीने में विवि परीसर में आधा दर्जन से अधिक अलग-अलग गुटों में आपसी झगड़े और लड़ाइयां हो चुकी हैं। कार्यालय में विवि से बाहरी लोगों के जमावड़े से कारण किसी घटना के बाद प्रशासन भी कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर पाता है। वहीं, कार्यालय के पीछे ही गर्ल्स हॉस्टल है, जिससे छात्राओं की आवाजाही भी बनी रहती है। छेड़छाड़ की घटनाएं भी होती रहती हैं। दिन-ब-दिन बढ़ी अप्रिय घटनाओं के कारण छात्राओं में भी भय का माहौल है।

### क्यों नहीं हुए खाली?

विवि का एकेडमिक सत्र 29 अप्रैल को समाप्त हो गया था। डीएसडब्ल्यू ने 1 मई को छात्रसंघ के पदाधिकारियों को नोटिस जारी कर 10 दिन में कार्यालय खाली करने के निर्देश दिए थे। नोटिस के करीब 3 महीने बाद भी छात्र संघ पदाधिकारियों का कार्यालय खाली नहीं करवाना यूनिवर्सिटी प्रशासन पर कई सवाल खड़े करता है। आखिर किसकी शह पर छात्र नेताओं को खुली छूट मिली हुई है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ऐसी क्या मजबूरी है, जिसके चलते कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। नेताओं के दबाव से कार्यालय खाली नहीं करवाने से यूनिवर्सिटी प्रशासन को हर दिन हजारों रुपए की चपत भी लग रही है।

**दो घंटे में पौने दो इंच बरसा पानी, जलभराव से सड़कों पर लगा जाम**

# परकोटा बरसात में तरबतर सांगानेर रहा पसीना-पसीना

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में बुधवार को छितराई बरसात हुई। परकोटे में जहां बादल जमकर बरसे, वहीं शहर के बाहरी इलाके में लोग गर्मी में पसीना-पसीना होते रहे। परकोटे में 2 घंटे में करीब पौने दो इंच पानी बरसा, जिससे जलभराव वाले इलाकों में जाम की स्थिति बन गई।

परकोटे में सुबह से ही मौसम बारिश के अनुकूल बन गया था। दोपहर करीब 12 बजे से शुरू हुई बारिश ने करीब दो घंटे तक लोगों को जमकर भिगोया। बारिश में सड़कों पर जलभराव की भी समस्या बन गई। शहर के एमआई रोड, टोंक रोड, आमेर रोड, सीकर रोड पर मुख्य सड़कों पर चार फीट तक पानी भर गया।



फोटो: पंकज शर्मा

### सीकर रोड पर सबसे ज्यादा परेशानी

शहर में सबसे ज्यादा परेशानी सीकर रोड पर आई। यहां पर बीआरटीएस कॉरिडोर में सड़क पर चार से पांच फीट तक का पानी भर गया, जिससे वाहन चालकों को खासी परेशानी हुई। कई लोगों की कार तो पानी भरने से सड़क पर ही बंद हो गई। वाहनों को लोगों की सहायता से पानी से निकाला गया। इसी तरह एमआई रोड, सुभाष चौक, आमेर रोड, टोंक रोड पर भी जलभराव होने से जाम के हालात बने। भारत जोड़ो एलिवेटेड रोड पर सोडाला से अंबेडकर सर्किल की ओर करीब 1 किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

### करतारपुरा नाले की दीवार टूटी

बारिश के कारण करतारपुरा नाले की जर्जर दीवार टूट कर नाले में गिर गई । हांलाकि, दीवार गिरने से किसी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई। लोगों ने बताया कि नाले की जर्जर दीवारों की मरम्मत का कार्य पिछले कई दिनों से चल रहा था, जिससे निगम प्रशासन ने दीवारों के पास मिट्टी के कट्टे लगवा रखे थे। दीवारों की मरम्मत कार्य बारिश के सीजन में शुरू करने पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई। उनका कहना था कि यह काम बारिश सीजन से पहले होना चाहिए था। अब बारिश में दीवार बनाने से मजबूती नहीं रहेगी।

### आज भी हो सकती है बारिश

जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मानसून ट्रफ लाइन बुधवार को जैसलमेर, कोटा से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से बुधवार को जयपुर, भरतपुर, अजमेर व बीकानेर संभाग में मानसून सक्रिय रहने तथा अधिकांश भागों में बारिश होने की संभावना है। गुरुवार को दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान को छोड़कर अधिकांश भागों में हल्की-मध्यम बारिश और कोटा, उदयपुर, जयपुर संभाग में एक-दो स्थानों पर तेज बारिश हो सकती है।

**झोटवाड़ा थाने में एफआईआर दर्ज**

# जमीन विवाद में जयपुर तहसीलदार संदीप कुमार सस्पेंड

बेधड़क | जयपुर

झोटवाड़ा ट्राइटन मॉल के पास स्थित एक जमीनी विवाद में जयपुर तहसीलदार संदीप कुमार बैरड को बुधवार को सस्पेंड कर दिया गया। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने राजस्व मंडल को लिखे पत्र में बताया कि झोटवाड़ा, तहसील जयपुर स्थित खसरा नं. 1087, 1088, 1089, 1090 किता रकबा 4,6412 हैं। इसको लेकर तहसीलदार बैरड ने भूमि के खातेदार स्टार्च फैक्ट्री कब्जा सेठ भरतसिंह सिंध्या हिस्सा पूर्ण का नामांतरण करने का आदेश जारी किया था। साथ ही जमाबंदी में भूमि किसी व्यक्ति विशेष के नाम नहीं होकर, स्टार्च फैक्ट्री के नाम दर्ज है, जिसका किसी व्यक्ति विशेष के नाम विरासत का नामांतरण नहीं किया जा सकता है। इस आदेश में व्यक्ति विशेष के नाम आदेश पारित किए जाने से राज्य सरकार को स्टाम्प ड्यूटी का नुकसान हुआ है। जिला कलेक्टर जयपुर ने बताया कि पीसी एक्ट नियम 1988 की धारा 13(1) (डी) के तहत मामले की जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से करवाई जाएगी। साथ ही प्रकरण में तहसीलदार की भूमिका का देखते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है और 16 सीसीए का नोटिस दिया गया है।

### यह है मामला

गौरतलब है कि यह जमीन ट्राइटन मॉल के पास स्थित है। इसको लेकर झोटवाड़ा थाने में एफआईआर भी दर्ज की गई, जिसमें आरोप है कि तहसीलदार संदीप चौधरी व पटवारी महेन्द्र सिंह शेखावत एवं अन्य कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर जयसिंह व विरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. भरत सिंह ने राजस्व रिकॉर्ड नामांतरण फर्जी रजिस्ट्री के आधार पर अपने नाम खुलवा लिया है। एफआईआर करवाने वाले रतन सिंह ने बताया कि उनकी उम्र लगभग 97 वर्ष है, उनका व उनके भाइयों की फैक्ट्रियां व रिहाइश इसी जमीन में है। संदीप चौधरी ने अंडर सेक्शन 135/2 धारा का गलत उपयोग करते हुए म्यूटेशन में जयपुर मैज प्रोडक्ट कम्पनी की जगह जय सिंह और वीरेंद्र सिंह का नाम दर्ज कर दिया। जिस दिन प्रार्थी को पता चला कि इस जमीन की रजिस्ट्री हो रही है उसी दिन रात को विभाग की वेबसाइट पर जमाबंदी में जय सिंह और वीरेंद्र सिंह का नाम पाया गया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

### करगिल विजय दिवस... तिरंगा रैली निकाली



*जयपुर। करगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए 527 सैनिकों के सम्मान में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 101 फीट लंबी तिरंगा रैली निकाली। रैली में इकाई सचिव रोहित मीणा, सुनील कुमावत, कैलाश गुर्जर, अंकित मंगल, राजेश बिश्नोई, अमृत सिंह डिग्गा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

**अवैध होर्डिंग देख नाराज हुई महापौर, हटाने के दिए निर्देश**

# मैडम !... ऐसी मॉनिटरिंग रहे तो सुधरें हालात

बेधड़क | जयपुर

स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 को लेकर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने बुधवार को मुरलीपुरा जोन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में सफाई व्यावस्था का निरीक्षण किया और आमजन से स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के लिए फीडबैक देने की भी अपील की।

उन्होंने मुरलीपुरा जोन कार्यालय से पैदल घूम कर बैंक कॉलोनी, केडिया पैलेस चौराहा, रुचिका विहार होते हुए दादी का फाटक, सीतावली फाटक, नाडी का फाटक, शिव नगर, जय नगर, वैध जी का चौराहा सहित जोन के विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था देखी। महापौर के साथ समितियों के चेयरमैन और स्थानीय पार्षद, उपायुक्त मुरलीपुरा जोन, उपायुक्त स्वास्थ्य संबंधित अधिशाषी अभियंता व अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। महापौर ने लोगों की शिकायतें भी सुनीं। लोगों ने कहा कि यदि इस तरह लगातार दौरे करते रहें तो कर्मचारी अपने आप ही काम करेंगे और व्यवस्था दुरुस्त होगी। महापौर ने मुरलीपुरा और निवारू रोड पर अवैध होर्डिंग और बैनर-पोस्टर पर नाराजगी जाहिर की और तुरंत हटवाने के निर्देश दिए। उनके साथ समितियों के चेयरमैन रमेश सैनी, रश्मि सैनी, विनोद चौधरी, रामकिशोर, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, पार्षद दीपमाला, बाबूलाल शर्मा, अशोक बोहरा, राकेश गुर्जर, सुमन राजवंशी, सुरेश सैनी, सुरेश जांगिड़, नरेन्द्र सिंह, अपर्णा शर्मा, सन्तोष अग्रवाल, कमलेश कुमार यादव मौजूद रहे।



**कर्मचारियों का प्रदेश भर में धरना-प्रदर्शन**

# सशर्त ओपीएस लागू करने का विरोध, किया कार्य का संपूर्ण बहिष्कार

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के 27 विश्वविद्यालयों और ऑटोनॉमस बॉडी में लगे कर्मचारियों पर सशर्त ओपीएस लागू करने के विरोध में बुधवार को प्रदेश भर में कई जगह प्रदर्शन हुए।

ओल्ड पेंशन संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति के बैनर तले राजस्थान विश्व विद्यालय, RUHS, JCTL सहित उदयपुर, बीकानेर, भरतपुर, कोटा, जोधपुर के राजकीय विश्वविद्यालय, तकनीकी विश्वविद्यालय, वेटरनरी विश्व विद्यालय, कृषि विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने ओल्ड पेंशन की विसंगतियों को लेकर बुधवार को पूर्ण कार्य बहिष्कार किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने 1 जनवरी 2004 के बाद लगे कर्मचारियों के लिए ओपीएस लागू करने की घोषणा की थी, लेकिन ऑटोनोमस बॉडी के कर्मचारियों पर नियोक्ता अंशदान की पूरी राशि 31 जुलाई जमा कराने की शर्त लग दी गई थी। इसके बाद लगातार कर्मचारी संगठनों ने विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया था।



### अलग अलग तरीके से पहुंचा रहे मांग

समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने बताया कि सुखाड़िया विवि के कर्मचारियों ने सद्बुद्धि यज्ञ किया और आरयूएचएस के कर्मचारियों ने भीख मांगी। आरयू के अशैक्षणिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. यशपाल चिराणा ने बताया कि नियोक्ता अंशदान राशि 10 से 30 लाख जमा करवाने पर कर्मचारियों को कल्याणकारी योजना ओपीएस का लाभ मिल पाएगा।

### चिकित्सकों ने भीख मांग कर जताया विरोध

राजस्थान स्वास्थ्य एवं विज्ञान विश्वविद्यालय के मेडिकल टीचर्स और अशैक्षणिक कर्मचारियों का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा। बुधवार को नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ ने ओपीएस की विसंगतियों के विरोध में भीख मांग कर प्रदर्शन किया। वहीं, कर्मचारियों ने पीपीई किट पहन कर रैली निकाली। कर्मचारी अध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी ने बताया कि ओपीएस हासिल करने के लिए एक मुश्त में इतनी बड़ी रकम कर्मचारी एक साथ कैसे जमा करा सकते हैं। उन्होने बताया कि नियोक्ता अंशदान राशि जमा कराने की शर्त को हटाए जाने और राज्य सरकार की तर्ज पर ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन जारी रहेगा।




### स्थायीकरण की मांग, गाइडों ने किया प्रदर्शन

स्थायीकरण की मांग को लेकर सरकारी गाइडों ने शहीद स्मारक पर धरना दिया। गाइडों ने कार्मिक विभाग में स्थायी नियुक्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि पर्यटक विभाग में ही भेदभाव क्यों किया जा रहा है, जबकि सभी विभागों में भर्ती के साथ नियुक्ति प्रदान की जाती है। चयनित सरकारी गाइड परीक्षा पास करने के उपरांत सभी तरह की ट्रेनिंग होने के बावजूद सरकारी पद नहीं मिलने से निराश हैं।

## जरूरी खबर

### नरेला विकास अधिकारी घूस लेते गिरफ्तार



**चित्तौड़गढ़।** एसीबी ने ग्राम पंचायत नारेला के विकास अधिकारी को 4200 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने ठेकेदार के तीन कामों को अटका रखा था। पहले रिश्वत लेने के बाद दुबारा से ठेकेदार से रुपए मांग कर रहा था। एसीबी चित्तौड़गढ़ के एएसपी कैलाश सिंह सांदू ने बताया कि पंचायत समिति चित्तौड़गढ़ ने ठेकेदार देवीलाल गुर्जर की फर्म को नरेला के तेजाजी चौक पर एक खुला बरामदा बनाने का ऑर्डर दिया गया था। यह तीन लाख रुपए का वर्क ऑर्डर था। इसके बदले में ग्राम विकास अधिकारी कैलाश नगर निवासी संदीप सिपाणी पांच प्रतिशत के हिसाब से 15 हजार रुपए लिए थे। उसके बाद आरोपी ने दो प्रतिशत की और मांग की।

### सिक्योरिटी गार्ड ने तालाब में छलांग लगा की आत्महत्या

**झालावाड़।** शहर के गावड़ी तालाब में मंगलवार देर रात जिला अस्पताल के एक सिक्योरिटी गार्ड ने तालाब में छलांग लगाकर खुदखुशी कर ली। वहां बैठे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस पहुंची, लेकिन देर रात होने के चलते सर्च ऑपरेशन नहीं चलाया जा सका। कोतवाली थाना प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड प्रमोद सोलंकी के शव को बरामद करने के लिए खोजबीन शुरू की गई, लेकिन अंधेरा होने के कारण शव बरामद नहीं किया जा सका। बुधवार तड़के एसडीआरएफ टीम ने शव को बरामद कर लिया।

### दस लाख की रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार



**भरतपुर।** कोतवाली थाना पुलिस ने श्रीजी ज्वेलर्स के मालिक रणजीत नगर निवासी हरिशंकर गोयल से पिछले दिनों मोबाइल कॉल कर 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगने के मामले में अरुण फौजी गैंग के बदमाश देवराज को गिरफ्तार किया है। एएसआई राकेश मान ने बताया कि इस मामले में केन्द्रीय कारागृह सेवर के हाई सिक्योरिटी वार्ड से बंदी देवराज जाट निवासी सिंगोली थाना नौहझील जिला मथुरा हाल मंहगाया थाना उद्योग नगर को गिरफ्तार किया है। वार्ड की तलाशी में मोबाइल व सिम भी जब्त की गई।

---

**नाकाबंदी के दौरान पुलिस-तस्करों में हुई फायरिंग,** अंधेरे का फायदा उठाकर भागे बदमाश

# दो लग्जरी कार से 38 लाख का डोडा-पोस्त किया बरामद

**बेधड़क** | पाली

पाली पुलिस की ओर से मंगलवार देर रात को नाकाबंदी के दौरान मादक पदार्थों को बड़ी खेप बरामद हुई। इस दौरान पुलिस और तस्करों के बीच आपस में फायरिंग हुई। बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। मगर 755 किलो डोडा पोस्त के साथ दो लग्जरी कार भी जब्ती की। फर्जी नंबर प्लेट, लोडेड देशी कट्टा भी बरामद किया। वहीं फरार तस्करों की तलाश जारी है।

पकड़े गए डोडा-पोस्त की बाजार कीमत करीब 38 लाख रुपए लगभग है। पाली एसपी डॉ. गगनदीप सिंगला ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी पर बनाई स्पेशल टीम को मंगलवार देर रात इनपुट मिला।

जैतारण, सेंदड़ा और बर थाना पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए नाकाबांदी की। बर के एसएचओ सुखदेव के नेतृत्व में टीम ने बिराटिया टोल पर और एसएचओ सेंदड़ा धोलाराम के नेतृत्व में थाने की टीम ने हाईवे पर काला बड़ की फाटक के पास नाकाबंदी की थी।

इस दौरान चार लग्जरी गाड़ियों में सवार होकर तस्कर बिराटिया टोल की तरफ गए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की तो तीन गाड़ियां रायपुर की तरफ और एक गाड़ी सेंदड़ा की तरफ दौड़ा दी। इधर सेंदड़ा पुलिस ने पहले ही काला बड़ की फाटक के पास नाकाबंदी कर रखी थी। यहां भी तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग की जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस दौरान तस्करों की गाड़ी पत्थर में फंस गई तो पकड़े जाने के डर से गाड़ी छोड़कर तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। तस्करों के रायपुर-जैतारण की तरफ आने की सूचना पर जैतारण एसएचओ अनिल कुमार मय जाप्ता ने समोखी के पास नाकाबंदी की।

तस्करों की गाड़ी का टायर गाड़ी छोड़कर तस्कर भाग गए। जिसे जैतारण थाना पुलिस ने जब्त की। कार्रवाई के दौरान पाली पुलिस की स्पेशल टीम में शामिल सीआई हिंगलाजदान चारण, साइबर थाने के हेड कांस्टेबल गौतम आचार्य आदि भी शामिल रहे।



### कार में मिली फर्जी नंबर प्लेट और लोडेड पिस्टल

गगनदीप सिंगला ने बताया कि जैतारण थाना पुलिस ने समोखी के निकट जिस लग्जरी कार को जब्त किया। उसकी तलाशी में 19 बोरों में 361 किलो डोडा-पोस्त, फर्जी नंबर प्लेट और एक लोडेड देसी कट्टा मिला। वहीं इसी तरह सेंदड़ा थाना पुलिस ने भी इनोवा कार जब्त की। जिसमें करीब 394 किलो डोडा-पोस्त मिला। पुलिस को पता लगा कि आरोपी अवैध रूप से चित्तौड़, एमपी से डोडा-पोस्त खरीदकर लाते, उसे मुंह मांगें दामों पर जोधपुर जिले में बेचते हैं। यह सप्लाई जोधपुर जा रही थी। मगर पाली पुलिस की स्पेशल टीम को इसकी भनक लगी तो उन्होंने एसपी को इनपुट दिए। उनके निर्देश के बाद मंगलवार रात को बदमाशों के रूट के सभी थानों की पुलिस अलर्ट हो गई और डोडा-पोस्त से भरी गाड़ियां जब्त करने में कामयाबी हासिल की।

---

**सेवर में एटीएम लूट की वारदात,** पुलिस खंगाल रही CCTV फुटेज

# एक लाख की नकदी से भरी ATM को उखाड़ ले गए चोर

■ अलसुबह पुलिस चेकिंग के दौरान लगा वारदात का पता

**बेधड़क** | भरतपुर

जिले में बदमाशों के हौसले दिनबदिन बुलंद है। बदमाशों का पुलिस से डर मानो खत्म सा हो गया। पुलिस गश्त के पीछे से बदमाशों ने एक बार फिर से बड़ी वारदात को अंजाम दिया। सेवर थाना इलाके में मंगलवार देर रात रुपए से भरे एटीएम को उखाड़ ले गए। एटीएम में लगभग एक लाख रुपए की नकदी थी।

आशंका जताई जा रही है कि बदमाश एटीएम के बोल्ट उखाड़ कर, उसको गाड़ी में लाद कर फरार हो गए। बुधवार अलसुबह जब पुलिस की टीम उधर से गुजरी तो एटीएम गायब मिली। सेवर थानाधिकारी अरुण चौधरी ने बताया कि सेवर थाना इलाके में कुछ बदमाश देर रात 1 बजे करीब एक इंडिकैश कंपनी के एटीएम उखाड़ कर ले गए। एटीएम बूथ के अंदर सीसीटीवी कैमरे नहीं थे। इससे यह अभी तक पता नहीं लग पाया कि कितने बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। उन्होंने बताया कि सेवर थाना पुलिस की गश्त गाड़ी एटीएम के पास खड़ी थी। तभी गश्त की गाड़ी को सूचना मिली कि सेवर थाने के पास भगवान हनुमान के मंदिर में एक ट्रक ने टक्कर मार दी है।

सूचना मिलने पर गश्त की गाड़ी थाने पहुंची। ट्रक का ड्राइवर ट्रक को वहीं छोड़कर भाग चुका था।




### एटीएम की सुरक्षा रामभरोसे

जानकारी के अनुसार, प्राइवेट कंपनी के एटीएम में न तो कोई सुरक्षा गार्ड तैनात था और ना ही एटीएम में कोई सीसीटीवी लगा हुआ था। ऐसे में घटना की जानकारी के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पड़ रहे हैं। वहीं बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें रवाना की गई, लेकिन बदमाशों का कुछ पता नहीं लग पाया।

### पहले भी हो चुकी ऐसी वारदातें

गौरतलब है कि बीते दिनों जिले के रूपवास और वैर क्षेत्र में भी एटीएम उखाड़ने की घटनाएं सामने आई थी। हालांकि पुलिस ने कई वारदातों का खुलासा भी किया है, लेकिन एटीएम उखाड़ने वाली गैंग पर लगाम नहीं लगा पा रही है।

### मशीन को वाहन में ले गए बदमाश

एसएचओ अरुण चौधरी ने बताया कि पुलिसकर्मियों को यह नहीं पता था कि बूथ के अंदर कितने एटीएम हैं। जिसके बाद उन्होंने एटीएम वालों से संपर्क किया, तब पता लगा कि बदमाश 1 एटीएम उखाड़कर ले गए हैं। वहीं पर एक खराब एटीएम भी रखी थी, जिसे बदमाश नहीं ले गए। आशंका है कि बदमाश एटीएम को उखाड़कर किसी वाहन में लाद कर ले गए होंगे। ऐसे में जिले में पिकअप और अन्य गाड़ियों की सघन जांच की जा रही है।

### बूथ से एक मशीन मिली गायब

मंदिर के पास दुर्घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली गश्त की गाड़ी एटीएम बूथ के पास से थाने पहुंची तभी पीछे से बदमाश एटीएम को उखाड़ कर ले गए। थोड़ी देर थाने पर रहने के बाद गश्त की गाड़ी फिर से सेवर कस्बे में पहुंची और गश्त करते हुए एटीएम बूथ के पास आकर खड़ी हो गई। जब पुलिसकर्मियों की गश्त खत्म हुई तो पुलिसकर्मी सभी एटीएम को चेक कर रहे थे। चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी इंडिकैश एटीएम के अंदर गए। बूथ से 1 एटीएम मशीन गायब थी। पुलिसकर्मियों को शक हुआ कि बूथ से 1 एटीएम गायब है।

---

**बच्चों से किया संवाद**

# जनजाति छात्रावासों के बच्चों तक पहुंचाए योजनाएं: मुख्य सचिव



**बेधड़क** | उदयपुर

मुख्य सचिव उषा शर्मा ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के अधिकारियों व आश्रम छात्रावासों के वार्डन व बच्चों से संवाद किया। इस मौके पर शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। इसके लिए जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के माध्यम से संचालित छात्रावासों में कई तरह की सुविधाओं का विस्तार किया है।

अधिकारियों को वह सतत निगरानी करते हुए उन सुविधाओं का लाभ बच्चों तक पहुंचना है। इस दौरान विभाग के प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता तथा जनजाति आयुक्त ताराचंद मीणा भी यहां आयुक्तालय के वीसी हॉल में मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से जानकारी लेने के बाद विभिन्न जिलों के आश्रम छात्रावासों की बालिकाओं से संवाद किया। उन्होंने उड़ान योजना के तहत वितरित किए जा रहे सेनेटरी नेपकिन को लेकर चर्चा कर फीडबेक भी लिया।

### हर सप्ताह हो वार्डन की वीसी

मुख्य सचिव शर्मा ने जनजाति आयुक्त को हर सप्ताह वार्डन के साथ वीसी लेकर समस्याओं आदि का फीडबेक लेकर अवगत कराने को कहा। इस पर जनजाति आयुक्त मीणा ने अवगत कराया कि वीसी के साथ ही शनिवार एवं रविवार को वार्डन्स से व्यक्तिगत रूप से बैठक कर फीडबैक लिया जाएगा। वीसी में सभी जिला कलक्टर्स से छात्रावासों के संबंध में जानकारी ली।

---

**सात तस्कर गिरफ्तार,** नशा तस्करी के खिलाफ अभियान

# एक करोड़ के मादक पदार्थ जब्त

**बेधड़क** | कोटा

थाना नयापुरा एवं रानपुर पुलिस की ओर से अलग-अलग जगह से 7 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया, वहीं 245 ग्राम स्मैक, 20 किलो गांजा, 16 किलो 100 ग्राम डोडा-चूरा एवं 125 ग्राम अफीम जब्त की है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 1 करोड़ रुपए है।

शहर पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने बताया कि नयापुरा थानाधिकारी को मंगलवार रात गश्त के दौरान सीबी गार्डन के पास से एक संदिग्ध युवक सतूराम निवासी शेरगढ़ जिला जोधपुर के पास 189.45 ग्राम स्मैक मिली। इसी तरह नाकाबंदी के दौरान झालावाड़ से कोटा आ रही रोडवेज बस से संदिग्ध युवक फैजल निवासी वन विहार कोलोनी जयपुर के कब्जे से 20 ग्राम स्मैक जब्त की गई। इसी बस में सवार अन्य संदिग्ध युवक इरफान निवासी शाहपुरा जयपुर के कब्जे से 35 ग्राम स्मैक तथा रतनाराम चौधरी निवासी भोपालगढ़ जिला जोधपुर के पास 15 किलो डोडा-चूरा जब्त किया गया।



इसी तरह से एक ओर प्राइवेट बस की चेकिंग पर बस चालक मांगी लाल विश्नोई निवासी ओसिया जोधपुर से 125 ग्राम अफीम एवं 1 किलो 100 ग्राम डोडा-चूरा जब्त किया। उसी बस में सवार यात्री मटूना नायक निवासी कालाहाडी ओडिसा के पास से 10 किलो गांजा तथा पुरोहित गौड निवासी कालाहाडी उडीसा के कब्जे से 10 किलो गांजा और बस को जब्त कर लिया गया।

---

**यूडीएच मंत्री धारीवाल बोले-** बीजेपी के हाथों खेल रहे हैं राजेंद्र गुढ़ा

# लाल डायरी नाम की कोई चीज है ही नहीं

**बेधड़क** | कोटा

यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि लाल डायरी नाम की कोई चीज है ही नहीं, राजेंद्र गुढ़ा सरासर झूठ बोलकर बीजेपी की साजिश में शामिल हो रहे हैं, उनमें हिम्मत हो तो दिखाएं लाल डायरी, उसको सार्वजनिक क्यों नही कर रहे है? यह सिर्फ और सिर्फ बीजेपी का षड्यंत्र है।

बीजेपी के पास प्रदेश की जनता से जुड़ा कोई मुद्दा नहीं है इसलिए ऐसे फिजूल मुद्दों को चुनावी मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही है लेकिन उनके मंसूबे पूरे नहीं होंगे। राजेंद्र गुढ़ा बीजेपी के हाथों में खेल रहे हैं। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल बुधवार को अपने नेतृत्व में चल रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत चल रही पदयात्रा के दौरान मीडिया को कही। पदयात्रा का कारवां बुधवार को परकोटा क्षेत्र के वार्ड नंबर 54 में पहुंचने पर वार्डवासियों ने स्वागत किया। यहां मंत्री धारीवाल और पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल ने जनता से संवाद किया। सरकार की योजनाओं के बारे में फीडबैक लिया व जनसमस्या सुनकर अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। वार्ड वासियों ने चंबल रिवर फ्रंट से बाढ़ से बचाव के लिए सुरक्षा कवच लगवाने पर मंत्री सराहना कर आभार जताया।



इससे पहले पदयात्रा रामपुरा मुख्यबाजार से होकर मेहरापाड़ा भाटापाडा, दशनाम कॉलोनी, बाल्मीकि बस्ती आदि जगह पहुंची। पदयात्रा के दौरान महापौर मंजू मेहरा, उपमहापौर सोनू कुरेशी, पवन मीणा, पार्षद अमरनाथ शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, दीपचंद जैन, विपिन बरथूनिया आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

**कोटा में मोदी सरकार के खिलाफ देहात और शहर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन**

# मणिपुर जल रहा है, डबल इंजन की सरकार पूरी तरह से नाकाम: कांग्रेस

**बेधड़क** | कोटा

मणिपुर में हिंसा व अत्याचार के मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कोटा में शहर कांग्रेस की ओर से बुधवार को पैदल मार्च निकाला गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र त्यागी की अगुवाई में निकाले पैदल मार्च में कांग्रेस कार्यकर्ता सर्किट हाउस से होकर कलेक्ट्रेट चौराहे तक पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के बाद त्यागी की अगुवाई में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर ओपी बुनकर को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर अपने संबोधन में शहर अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि मणिपुर में महिलाओं, आदिवासियों पर अत्याचार, अमानवीय घटनाएं बढ़ती जा रही है। इसे रोकने में डबल इंजन की मोदी सरकार पूरी तरह नाकाम रही है। इस कारण देश शर्मसार है। कांग्रेस मणिपुर में अमानवीय घटनाओं पर चुप नहीं बैठेगी। सड़कों पर उतरकर जन आंदोलन करना पड़ा तो पीछे नहीं हटेंगे।




वहीं पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल ने कहा कि मोदी जी, मणिपुर में आदिवासी महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों पर चुप क्यों बैठे है। उनके पास विदेशों में घूमने का अपार समय है। लेकिन मणिपुर में हिंसक, अमानवीय, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार जैसी घटनाओं पर एक बार भी वहां जाना उचित नहीं समझा। देश की जनता सब देख रही है।

पीसीसी उपाध्यक्ष कैलाश मीणा ने कहा कि मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी विदेशों में कोरी वाहवाही लूट रहे हैं। जनता को गुमराह कर रहे हैं। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष पंकज मेहता ने कहा कि जहां-जहां मोदी जी ने डबल इंजन की सरकार बनाई है वहां पर ऐसी घटनाएं हो रही है जिसका जीता जागता उदाहरण मणिपुर है। लाडपुरा प्रधान नईमुद्दीन गुडडू ने कहा कि मोदी जी ने मणिपुर मामले पर एक शब्द भी नहीं बोला। मणिपुर में सरकार भंग कर राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए। कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव डॉ. विजय सोनी ने बताया कि विरोध प्रदर्शन को प्रमुख रूप से पीसीसी सचिव प्रभारी धर्मराज मेहरा, संदीप पुरोहित, महापौर राजीव अग्रवाल, पीसीसी सचिव शिवकांत नंदवाना, उप महापौर पवन मीणा, उप महापौर शानू कुरेशी, पूर्व उपमहापौर राकेश सोरल, ब्लॉक अध्यक्ष नेवालाल गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष ललित शर्मा आदि कांग्रेस जन मौजूद थे।

### देहात कांग्रेस का केन्द्र पर हल्ला बोल

जिला कांग्रेस कमेटी कोटा देहात ने अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ जबर्दस्त हल्ला बोला। कार्यकर्ता गुमानपुरा स्थित कांग्रेस कार्यालय पर एकत्र हुए। इसके बाद नारेबाजी करते हुए पूर्व प्रधानमन्त्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पहुंचे। सभी ने केंद्र सरकार विरोधी नारे लिखी तख्तियां ले रखी थीं।

### विरोध प्रदर्शन में ये हुए शामिल

विरोध प्रदर्शन में पूर्व मंत्री व विधायक भरतसिंह कुंदनपुर, प्रधान नईमुद्दीन गुड्डू, पीसीसी उपाध्यक्ष, कोटा संभाग प्रभारी पूर्व विधायक कैलाश मीणा, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष पंकज मेहता, शहर जिला अध्यक्ष रवींद्र त्यागी, कैथून पालिका अध्यक्ष आइना महक, सांगोद कविता गहलोत, पीसीसी सचिव प्रभारी संदीप पुरोहित, धर्मराज मेहरा, पीसीसी सदस्य जया मीणा, डॉ. इकराम खान, पूर्व जिलाध्यक्ष रुकमणी मीणा, ब्लॉक अध्यक्ष सांगोद पूजा सिंह, सिमलिया गीता मेघवाल, पीपल्दा ब्लॉक, रमेश नागर, हेमंत मीणा, मण्डी ब्लॉक अध्यक्ष अजीत परख, सराफत भाई, वरिष्ठ नेता नरेश, विद्याशंकर गौतम समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कहां है 56 इंच का सीना

कांग्रेस कार्यालय में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री और सांगोद विधायक भरत सिंह ने कहा कि गंगा जमुना दो नदियों का पानी आगे जाकर एक हो जाता है। लोगों को समझ नहीं आ रहा कि कौनसी नदी का पानी है। उन्होंने कहा कि मणिपुर महीनों से जल रहा है। एक मनीराम कोटा में बैठा है, वो मणिपुर पर चुप है। मोदी का 56 इंच का सीना भी गायब है।

## करगिल विजय दिवस पर नौजवानों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# हम सब भारतीय हैं, अपनी मंजिल एक है...



### पुष्प चक्र से किया शहादत को सलाम

रुक्मणी बिरला मॉडर्न हाई स्कूल जयपुर के एनसीसी कैडेट्स ने करगिल दिवस पर अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। एनसीसी कैडेट्स के साथ ही स्कूल के अन्य स्टूडेंट्स भी अमर जवान ज्योति पहुंचे और शहीदों को याद किया। इस दौरान स्टूडेंट्स में भारी जोश और उत्साह देखने को मिला।

### हुनर से साकार हुआ हमारा गौरव

शहीदों को पुष्पांजलि के बाद बिड़ला ऑडिटोरियम में स्टूडेंट्स ने शहीदों को अपने हुनर से श्रद्धांजलि दी। यहां लाजवाब रंगोलियां बनाकर स्टूडेंट्स ने करगिल युद्ध के विभिन्न पहलुओं को उकेरा। रंगोलियों में भारत की तीनों सेनाओं के शौर्य को स्टूडेंट्स ने अपने टैलेंट से साकार किया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स ने कल्चरल परफोर्मेंस के जरिए भी देश की गौरवशाली विरासत का दर्शन कराया। एक से बढ़कर एक डांस परफोर्मेंसेज में स्टूडेंट्स का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था। दर्शकों के रूप में मौजूद स्टूडेंट्स, स्कूल स्टाफ और एनसीसी कैडेट्स ने भी परफोर्मर्स का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर वृत्तचित्र व पत्र लेखन से भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में एनसीसी ग्रुप मुख्यालय जयपुर के कमांडर कर्नल विरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

**बेधड़क** | जयपुर

करगिल विजय दिवस के अवसर पर बुधवार को शहर में देश की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने का जोश और करगिल युद्ध में देश के लिए जान देने वाले शहीदों के प्रति अगाध श्रद्धा का माहौल छाया रहा।

विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर देशप्रेम की भावनाओं को शब्द दिए गए। सी स्कीम स्थित सेंट सोल्जर पब्लिक स्कूल परिसर में चल रहे एनसीसी के 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तहत एनसीसी अधिकारियों व कैडेट्स ने करगिल विजय दिवस मनाया। कार्यक्रम की




शुरुआत ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुई।

विद्यालय के स्टूडेंट्स ने भाषण व देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर देश की रक्षा का संकल्प दोहराया। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सरदार अजय पाल सिंह ने इस अवसर पर कहा कि करगिल विजय भारत के संकल्पों की जीत थी, भारत की शक्ति और धैर्य की जीत थी, भारत की गरिमा और अनुशासन की जीत थी, हर भारतीय की उम्मीदों और कर्तव्य परायणता की जीत थी। कमांडेंट ऑफिसर कर्नल जितेन्द्र सिंह मलिक ने कहा कि सच्ची देश भक्ति में त्याग की भावना ही सर्वोपरि है।

उन्होंने स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स को प्रोत्साहित किया। विद्यालय प्रबंधन समिति कोषाध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह ने करगिल विजय का महत्व बताकर छात्रों का उत्साह बढ़ाया। स्कूल प्रिंसिपल सोनल शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कैडेट्स ने एनसीसी गीत 'हम सब भारतीय हैं, अपनी मंजिल एक है...' के साथ माहौल में देशभक्ति का रंग घोला।



## Yuva स्टोरीज



### 'द लास्ट पोस्ट' धुन से दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**जयपुर**। परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से बुधवार को करगिल विजय दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर शहीदों के सम्मान में 'द लास्ट पोस्ट' धुन बजाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को करगिल युद्ध में अदम्य साहस का परिचय देने वाले देश के योद्धाओं की गाथाएं सुनाई गई। छात्रों को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. राघव प्रकाश ने करगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना द्वारा दिखाए गए अद्भुत सैन्य कौशल, अचूक रणनीति और आक्रामक मारक क्षमता की प्रशंसा करते हुए विपरीत समय में भी धैर्य रखने और दृढ़ संकल्प के साथ काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. सविता पाईवाल, अकादमिक निदेशक डॉ. आलोक चतुर्वेदी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गिरिराज शर्मा, डॉ. शिल्पी चौधरी, संकाय सदस्य व स्वयंसेवक मौजूद थे।




**बच्चों के साथ मंच पर जमकर झूमे ग्रेंड पेरेंट्स।**

**जयपुर।** जेएलएन मार्ग स्थित जयपुरिया स्कूल में बुधवार को ग्रेंड पेरेंट्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों के ग्रेंड पेरेंट्स ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शिरकत की एवं बच्चों की प्रस्तुतियों पर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान प्यार की है दुनिया... जैसे गीतों से बच्चों ने अपनी श्रद्धा ग्रेंड पेरेंट्स के समक्ष व्यक्त की। साथ ही नाटक की प्रस्तुति देकर वर्तमान परिस्थितियों पर कटाक्ष किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। बच्चों ने नृत्य, गायन एवं नाटक की बेहतर प्रस्तुतियां दी। प्रिंसीपल प्रतिमा शर्मा ने सभी ग्रेंड पेरेंट्स को सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने सुसंस्कृत तरीके से जीवीकोपार्जन करने एवं संस्कारों को महत्व देने की बात कही। निदेशक डीएम जैन ने विद्यालय की ओर से बच्चों के लिए विभिन्न क्षेत्रों मे किए जा रहे नवाचारों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर इंटरहाउस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में टैगोर हाउस विजेता रही एवं प्रताप हाउस उपविजेता रही।

### पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में ओरिएंटेशन प्रोग्राम शुरू

# नए स्टूडेंट्स के सफर का सुरीला 'आरम्भ'

**बेधड़क** | जयपुर

बैंड की सुर लहरियों पर झूमते नए स्टूडेंट्स ने अपने कॅरियर को ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए पूरी शिद्दत के साथ जुटने का संकल्प लिया। मौका था पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में आयोजित ओरिएंटेशन सत्र 'आरम्भ' के पहले दिन बुधवार को हुए बीबीए एवं बीसीए स्टूडेंट्स के ओरिएंटेशन कार्यक्रम का।

गणेश वंदना के साथ शुरू हुए आयोजन में विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। नए स्टूडेंट्स का स्वागत टीका लगाकर एवं मुंह मीठा करवाकर किया गया। इस दौरान ऊर्जा बैंड की ओर से दी गई धमाकेदार प्रस्तुतियों पर स्टूडेंट्स जमकर झूमे।

इस अवसर पर कॉलेज की विभिन्न सेल मसलन इंटरनेशनल कनेक्ट, बिटड्रोन, पोद्दारप्रिनर्स वूमेन सेल आदि की जानकारी नए स्टूडेंट्स को दी गई। विभिन्न सेल के माध्यम से एक्सपीरिएंशियल लर्निंग के बारे में भी स्टूडेंट्स को बताया गया। वक्ताओं ने स्टूडेंट्स को क्रिएटिव एक्सरसाइज के लिए प्रेरित किया।

### बुलंद हौसलों से छुओ तरक्की का आसमां

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एटीएस आईजी विकास कुमार ने अपने प्रेरक उद्बोधन से स्टूडेंट्स को तरक्की के आसमां तक का सफर बुलंद हौंसलो के साथ करने को प्रेरित किया। उन्होंने कविताओं के माध्यम से बच्चों को मोटिवेट किया।




कार्यक्रम में पोद्दार ग्रुप के चेयरमेन डॉ. आनंद पोद्दार ने बीबीए एवं बीसीए के क्षेत्र अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बदलते सीनेरियो के बीच स्टूडेंट्स को अपडेट रहने की आवश्यकता है एवं निरंतर अथक प्रयास से सफलता मिलना तय है। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में ईएसजी मेंटर मुकेश गुप्ता, डायरेक्टर रूपल पोद्दार समेत विभिन्न फैकल्टी मेंबर कार्यक्रम में उपस्थित थे।



### ईटीएस ने लॉन्च किया 'टोफेल गो' ऐप

# अब एआई ऑपरेटेड ऐप से करो टोफेल की तैयारी




**बेधड़क** | नई दिल्ली/जयपुर

अंग्रेजी परीक्षण परीक्षा टोफेल देने वाले अभ्यर्थी अब 'टोफेल गो' ऐप के जरिए एआई की मदद से परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे। टोफेल आयोजित करवाने वाली एजेंसी शैक्षिक परीक्षण सेवा (ईटीएस) ने टोफेल के नए और छोटे संस्करण की तैयारी को लेकर परीक्षार्थियों के लिए बुधवार को इस मोबाइल ऐप की शुरुआत की।

ईटीएस इंडिया और दक्षिण एशिया के कंट्री मैनेजर सचिन जैन ने ऐप की शुरुआत करते हुए कहा कि संक्षिप्त टोफेल आईबीटी परीक्षा का संस्करण 26 जुलाई को शुरू हो गया है। इसके लिए पंजीकरण कराने वाले परीक्षार्थी अब आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस संचालित 'टोफेल गो' ऐप का उपयोग करके खुद को बेहतर तरीके से तैयार कर सकते हैं। भारतीय परीक्षार्थी इस नए मंच पर बहुमूल्य सलाह और कोचिंग प्राप्त कर सकते हैं और सबसे छोटी अंग्रेजी भाषा दक्षता परीक्षा के लिए खुद को तैयार कर सकते हैं। टोफेल में पिछले महीने कई बदलावों की घोषणा की गई थी। यह बदलाव 26 जुलाई से लागू हो गए। टोफेल देने में अब तीन घंटे के बजाय दो घंटे से भी कम समय लगेगा और उम्मीदवार परीक्षा संपन्न होते ही आधिकारिक अंक देख सकेंगे।

**गुड न्यूज** | प्रोफेशनल्स के साथ एम्प्लॉयर्स की भी पसंद बन रहा जयपुर

# जयपुर जॉब मार्केट में छह महीने में आए 25 हजार अवसर

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर शहर विभिन्न इंडस्ट्रीज के प्रोफेशनल्स को कॅरियर के नए अवसरों के साथ लुभा रहा है। पिछले छह महीने में सिर्फ एक जॉब पोर्टल पर ही 25 हजार से अधिक जयपुर बेस्ड नौकरियां पोस्ट की गईं जिनके लिए 10 लाख से अधिक प्रोफेशनल्स ने आवेदन किए।

देश के प्रमुख जॉव एवं प्रोफेशनल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म APNA.CO की ओर से जारी एक रिपोर्ट में सामने आए ये आंकड़े जयपुर में नौकरी के बढ़ते अवसरों की ओर इशारा करते हैं। APNA.CO की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023 के पहले छह महीनों के दौरान हर 10 मिनट में एक जॉब पोस्ट की गई। प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा जॉब्स सेल्स एण्ड बिज़नेस डेवलपमेन्ट, बैक ऑफिस, डिलीवरी एण्ड लॉजिस्टिक्स जैसे जॉब रोल्स में पोस्ट की गईं। शहर में बिज़नेस सिस्टम के विकसित होने के साथ स्किल्ड प्रोफेशनल्स की मांग भी तेजी से बढ़ रही है।



### 35 फीसदी महिलाओं की हिस्सेदारी

APNA.CO के संस्थापक व सीईओ निर्मित पारीख ने बताया कि प्लेटफॉर्म पर किए गए नौकरियों के कुल आवेदनों में से 35 प्रतिशत आवेदन महिलाओं ने किए हैं। कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी भी तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि जयपुर शहर इकोनोमिक हब के रूप में विकसित हो रहा है। कई बड़ी कंपनियों ने जयपुर में अपने ऑफिस खोलने की योजना बनाई है, ऐसे में हमें विश्वास है कि आने वाले पांच सालों में शहर में तेजी से विकास होगा। APNA.CO में हम एम्पलॉयर्स को नौकरी ढूंढने वाले युवाओं के साथ जोड़ते हैं और साथ ही युवाओं को प्रोफेशनल कनेक्शन में सक्षम बनाकर एक समान अवसर उपलब्ध कराते हैं।

### छह महीने में बढ़े 8000 एम्प्लॉयर्स

शहर में एम्प्लॉयर्स की संख्या भी बढ़ी है। जनवरी-जून 2023 के दौरान प्लेटफॉर्म के साथ करीब 8000 नए एम्प्लॉयर्स जुड़े हैं। जानी-मानी कंपनियां जैसे स्विगी, बजाज आलियान्ज, आईडीएफसी बैंक, रैपिडो आदि शहर में प्रतिभाशाली उम्मीदवारों की भर्तियां करने के लिए उत्सुक हैं। पारीख ने बताया कि जयपुर नौकरियों के हब के रूप में विकसित हो रहा है। APNA.CO अपने व्यापक प्लेटफॉर्म, नेटवर्क एवं टेक्नोलॉजी के साथ जयपुर के जॉब मार्केट में सकारात्मक बदलाव ला रहा है।

## परम्परागत जल स्रोतों का जीर्णोद्वार आवश्यक

# सुख संचयन का अवसर मानसून



अतुल कनक
साहित्यकार



*प्राचीन काल में तो वर्षा का आह्वान और स्वागत उत्सवपूर्वक किया जाता था। हमारे बीच में आज भी उस पीढ़ी के लोग मौजूद हैं, जिन्होंने अपने बचपन में खुले आसमान के नीचे भीगते हुए 'इंदर राजा पानी दे, पानी दे-गुड़ धानी दे।' गुड़ और धानी का मिलना एक कृषि प्रधान देश में किसी अनुष्ठान के प्रसाद की तरह होता है और यह प्रसाद वितरित करने की परम्परा तभी तक कायम रह सकती है, जब तक पर्याप्त मात्रा में बारिश होती रहे। प्राचीन काल में जब बरसात होती थी तो वो खेतों को ही फसलों के लिए जरूरी जल उपलब्ध नहीं करवाती थी, अपितु उससे तालाब, बावड़ियां, जोहड़, कुएं, झील और तालाब भी अपने प्रसार क्षेत्र में इतना पानी संग्रहित कर लेते थे कि धरती के अंतस की प्यास भी बुझ जाती थी।*

*भूजल के अंधाधुंध दोहन ने अनेक शहरों में यह स्थिति पैदा कर दी है। बरसात की ऋतु एक अवसर है। हम यदि अपनी पीढ़ियों के प्रति संवेदनशील हैं तो हमें वर्षा जल संग्रहण के प्रति सचेत होना होगा। परम्परागत जल स्रोतों का जीर्णोद्वार करना होगा और 'रेन वॉटर हार्वेस्टिंग' जैसी तकनीक से भूजल को रिचार्ज करने के प्रबंध करने होंगे।*

पानी जीवन की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकताओं में एक है। बिना पानी के सामान्य जीवन की कल्पना तक नहीं की जा सकती। क्या कोई उस स्थिति के लिए स्वयं को तैयार पा सकता है, जब उसे प्यास लगे और दूर-दूर तक पानी उपलब्ध नहीं हो? विज्ञान के विद्यार्थियों को भले ही पानी का रासायनिक सूत्र मालूम हो कि दो परमाणु हाइड्रोजन और एक परमाणु ऑक्सीजन मिलकर पानी का एक अणु बनाते हैं, लेकिन दुनिया की किसी भी प्रयोगशाला में पानी के इस रासायनिक सूत्र का इस्तेमाल करके पानी का निर्माण करने में वैज्ञानिकों को सहायता नहीं मिली।

विज्ञान अभी तक शुद्ध पानी का विकल्प नहीं तलाश सका। दुनिया के तीन चौथाई हिस्से में पानी है और फिर भी पानी को लेकर महामारी के किस्से? बात आसानी से समझ में नहीं आती है, लेकिन सच यही है कि पृथ्वी की सतह पर मौजूद अधिकांश जलराशि समुद्रों में संचित है और वहां का खारा पानी मानव की सामान्य आवश्यकताओं के अनुकूल नहीं होता। हालांकि दुनिया के कुछ देशों ने समुद्री जल के लवण को विलयित कर कुछ हद तक उसे उपयोग योग्य बनाने के प्रयोग किए हैं, लेकिन इसकी प्रक्रिया इतनी महंगी है कि सामान्य मनुष्य तो उस व्यय को वहन करने की कल्पना भी नहीं कर सकता। ऐसे में पानी की आमद के लिए मनुष्य प्रकृति के वरदान पर ही निर्भर है।

वह चाहे वर्षा जल हो या ग्लेशियरों से पिघल कर नदी के प्रवाह के रूप में हम तक पहुंचने वाला जल। जल अनमोल है शायद इसीलिए लगभग साढ़े पांच शताब्दी पहले रहीम ने लिख दिया था-'रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून/ पानी गए न ऊबरे मोती, मानुष चून।' भारत जैसी भौगोलिक परिस्थितियों में मानसून में होने वाली बरसात एक अवसर होती है कि हम वर्षा जल को समुचित तौर पर संग्रहित कर भविष्य के लिए पानी का इंजताम कर सकें। प्राचीन काल में तो वर्षा का आह्वान और स्वागत उत्सवपूर्वक किया जाता था। हमारे बीच में आज भी उस पीढ़ी के लोग मौजूद हैं, जिन्होंने अपने बचपन में खुले आसमान के नीचे भीगते हुए 'इंदर राजा पानी दे, पानी दे-गुड़ धानी दे।' गुड़ और धानी का मिलना एक कृषि प्रधान देश में किसी अनुष्ठान के प्रसाद की तरह होता है और यह प्रसाद वितरित करने की परम्परा तभी तक कायम रह सकती है, जब तक पर्याप्त मात्रा में बारिश होती रहे। प्राचीन काल में जब बरसात होती थी तो वो खेतों को ही फसलों के लिए जरूरी जल उपलब्ध नहीं करवाती थी, अपितु उससे तालाब, बावड़ियां, जोहड़, कुएं, झील और तालाब भी अपने प्रसार क्षेत्र में इतना पानी संग्रहित कर लेते थे कि धरती के अंतस की प्यास भी बुझ जाती थी और आसपास रहने वालों को वर्ष पर्यंत उपयोग के लिए पानी भी मिल जाया करता था। पानी के सानिध्य में प्रकृति ही नहीं मन भी खिला-खिला सा प्रतीत होता है। इसीलिए मानसून के दिनों में किसी प्राकृतिक स्थल के समीप लोग पिकनिक मनाने के लिए जाया करते हैं। हालांकि पिकनिक पर जाने का शौक आज भी अपनी जगह कायम है, लेकिन पानी की आवक अब शहरों को डराने सी लगी है। मामूली बारिश के बाद शहरों में बाढ़ के से हालात उत्पन्न हो जाते हैं। बस्तियां पानी में डूब जाती हैं और सड़कों पर सैलाब आया सा लगता है। इसका मूल कारण है कि हमने पानी के प्रवाह के रास्ते में बस्तियां बसा ली हैं। बरसात का पानी कहीं एकत्रित होता है तो उसे निकासी नहीं मिलती और परिणाम यह होता है कि पानी अपने स्वभाव के अनुसार निकलने के नए रास्ता तलाशता है। इसी कारण सड़कों या बस्तियों में जलजमाव हो जाता है। महानगरों में तो यह दृश्य अब आम हो गया है। आजादी के बाद जैसे-जैसे हमने विकास के नए प्रतिमानों को ग्रहण किया, जल संग्रहण से संबंधित हमारी परंपराएं पीछे छूटती चली गईं। नियमित देखरेख के अभाव और सतत उपेक्षा के कारण अधिकांश कुओं ने दम तोड़ दिया। बावड़ियों के होंठ पपड़ाए से प्रतीत होने लगे, झीलें सिकुड़ गईं। तालाबों को पाट कर उन पर नए निर्माण किए जाने लगे। यहां तक कि छोटी नदियों तक को भी देश के कई शहरों में गंदे नाले में परिवर्तित कर दिया गया। बड़ी नदियों पर बांध बने तो पानी का प्रसार क्षेत्र कम हुआ और लोगों ने नदियों के किनारों पर अतिक्रमण कर लिया। परिणाम यह हुआ कि जब कभी नदियां अपने वास्तविक स्वरूप में बहने का प्रयास करती हैं, हमें लगता है कि उन्होंने रौद्र रूप धारण कर लिया हो। अपने ही आंगन में किसी अन्य के जबरन अधिकार को सहजता से कौन स्वीकार करता है? संग्रहण के समुचित साधनों के अभाव में बादलों से पानी बरसता तो है, लेकिन वो तेजी से बहकर खारे समुद्र में मिल जाता है। इससे न धरती के अंदर का भूजल स्तर बढ़ पाता है और ना ही लोग भविष्य के लिए अपनी जरूरत का पानी एकत्र कर पाते हैं। पश्चिमी राजस्थान में एक नदी है- लूणी। उस इलाके में बरसने वाला पानी पहले कई तालाबों में एकत्र किया जाता है और उसके बाद भी यदि पानी 'ओवरफ्लो' होता है तो वह नदी तक पहुंच जाता है। पश्चिमी राजस्थान में आज भी ऐसे तालाब हैं, जिनके प्रसार क्षेत्र में गंदगी विसर्जित करना तो दूर नहाना तक मना है और इस सामाजिक संहिता का उल्लंघन करने पर व्यक्ति को सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ता है।

यह अलग बात है कि ऐसे बहिष्कार की नौबत ही नहीं आती, क्योंकि लोग जल की प्रांजलता के संरक्षण का महत्व समझते हैं। राजस्थान का कोटा नगर हाड़ौती के पठार पर बसा है। पठार के ऊपरी हिस्से पर बरसने वाला पानी तेजी से बहकर नदी में चला जाता था। रियासतकाल में इस पठार पर तेरह तालाब बनवा दिए गए। ये तालाब न केवल निचले हिस्से की ओर बहने वाले पानी का वेग थाम लेते थे, बल्कि जरूरत के लिए लोगों को पानी भी मुहैया कराते थे, लेकिन अंधाधुंध विकास ने अधिकांश तालाबों को खत्म कर दिया और परिणाम यह हुआ कि चंबल जैसी सदासलिला कही जाने वाली नदी के किनारे बसे कोटा शहर में भी गर्मी के दिनों में अनेक बस्तियों में जलसंकट पैदा हो जाता है, क्योंकि भूजल स्तर बहुत नीचे चला गया है और नलकूप पानी नहीं दे पाते। भूजल के अंधाधुंध दोहन ने अनेक शहरों में यह स्थिति पैदा कर दी है।

बरसात की ऋतु एक अवसर है। हम यदि अपनी पीढ़ियों के प्रति संवेदनशील हैं तो हमें वर्षाजल संग्रहण के प्रति सचेत होना होगा। परंपरागत जल स्रोतों का जीर्णोद्वार करना होगा और 'रेन वॉटर हार्वेस्टिंग' जैसी तकनीक से भूजल को रिचार्ज करने के प्रबंध करने होंगे। सामुदायिक संकल्प और सामाजिक प्रतिबद्धता के दम पर इस काम को साधा जा सकता है क्योंकि मनुष्य ने जब भी कोई संकल्प किया है, चुनौतियों को उसकी सामर्थ्य के सम्मुख समर्पण करना ही पड़ा है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# ये झपट्टामार झपट्टेबाज...



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

हक किसी और का होता है, लेकिन नाहक ही कोई झपट्टा मारकर हक मार लेता है। ऐसा आदि-अनादि काल से होता आया है। राजे-रजवाड़ों के दौर में जिसके पास लाठी होती थी, भैंस उसी के पास बंधा करती थी। बदलते दौर में शेष दुनिया का तो इतना पता नहीं, लेकिन जबसे हमारे यहां जनसेवा के नाम पर स्वयंसेवा करने की प्रवृत्ति का प्रादुर्भाव हुआ है, झपट्टा मारने के कीटाणु अलग-अलग क्षेत्रों में फैल गए हैं।

राजनीति के बारे में तो आप जानते ही हैं, लेकिन व्यापार-व्यवसाय से लेकर व्यक्तिगत आदतों में भी झपट्टा मारने की प्रवृत्ति दिखाई देती है। हालांकि अपवाद होते हैं, लेकिन ऐसे अपवाद अपवादस्वरूप ही होते हैं। बाजार में अनिवार्य से लेकर विलासितापूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति करने की तमाम सामग्रियां उपलब्ध हैं, जिसे जेब में कम वजन के चलते केवल टुकुर-टुकुर देखा जाता है। कभी परिवार में आश्रितों के दबाव के चलते हमें अपने घर-परिवार में उसकी पूर्ति करना पड़ती है। जिसके लिए जेब के वजन को बढ़ाने के हर संभव प्रयास करना होते हैं। ऐसे प्रयासों में फिर उचित-अनुचित का भेद नहीं किया जाता।

ऐसा भी नहीं है कि सदाचार की कोई महत्ता नहीं रही, बेशक सदाचार को अपनाकर हम परलोक संवार सकते हैं। लेकिन दिक्कत यह है कि इस लोक में हम जहां के तहां रह जाएंगे। यह अलग बात है कि कल किसने देखा! अभी तो हमें आज ही जी-भरकर जीना है। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के चलते राजनीति में सक्रिय रहकर झपट्टा मारने की बात को जनमानस में अनहोनी के रूप में नहीं लिया जाता। यानी कि यह मानकर चला जाता है कि जो जनसेवा के काम कर रहा है वह मेवा खाने का भी अधिकारी होता है। अब तो हमारी आदत पड़ गई है कि यदि कोई फटेहाली की जिंदगी जी रहा हो, तो उसे हम अजूबे की दृष्टि से देखें।

एक प्रकार से जिसे जब जहां मौका मिले, उस मौके को भुनाने को आतुर दिखाई देता है। यकीन न आए तो, ' इनको और उनको' देखिए कि झपट्टा मारकर कैसे-कैसे लोग क्या से क्या हो गए! खैर, मुद्दे की बात यह है कि अब सामाजिक जनजीवन में झपट्टा मारने को हेय दृष्टि से नहीं देखा जाता।

यही कारण है कि तमाम जरूरी और गैरजरूरी आदतों को आत्मसात करने की शक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग लोगों के हाथ आ रही है। निश्चित ही यह सब झपट्टा मारने का ही प्रतिफल है। वैसे कुछ ऐसे भी होते हैं जो झपट्टा मारने से डरा करते हैं। ऐसे लोग जैसे थे वैसे ही रहा करते हैं। देखते ही देखते दुनिया जाने कहां से कहां जा रही है, लेकिन जिनकी कुंडली में झपट्टा मार सकने के योग नहीं होते हैं, वे एक प्रकार से कमजोर दिल के माने जा सकते हैं। बेशक धर्म संस्कृति के आधार पर झपट्टा मारने से पाप कर्म का संचय होता है, जिसके परिणामों को हर हालत में भुगतना ही होता है, लेकिन शायद अगले जन्म में! यानी कि लगभग-लगभग इस जन्म में तो बिल्कुल भुगतना नहीं पड़ता। यही कारण है कि दूसरों के हक पर नाहक ही हक जमाने की मनोवृति का अलग-अलग क्षेत्रों में विस्तार होने लगा है।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
राजस्थान के 3 लाख से ज्यादा गिग वर्कर्स को उनका अधिकार और आत्मसम्मान दिलाने के लिए राज्य की कांग्रेस सरकार ने नया कानून लागू किया है, जो कि भारत का पहला ऐसा कानून है।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
गुरु की कृपा आपकी योजनाओं को पूरा करने के लिए नहीं बल्कि आपके लिए जीवन की योजना को पूरा करने के लिए बनाई गई है।

**यादों की पोटली से...**

# गौरवान्वित हों भगवान ने आपको सामर्थ्य दी है, जरूरतमंदों के काम आइए



मुकुल गोस्वामी,
लेखक आकाशवाणी व दूरदर्शन कमेंटेटर, खिलाड़ी और प्रसारणकर्मी हैं

*30 साल आप आईएएस के रूप में अनगिनत विभागों और जिलों में रहे होंगे। हजारों लोग आशा बांधे खड़े होंगे, पर तब शायद सत्ता का दर्प होगा या आत्मचिंतन की जरूरत ही महसूस नहीं होगी।*



कुलिश जी से एक साक्षात्कार के दौरान मैंने पूछा था, आप के चारों ओर लोग जो बैठे हैं वो किसी न किसी स्वार्थ से अभिभूत होकर उपस्थित हैं, कभी कोफ्त नहीं होती आपको? बोले, स्वार्थ क्या होता है मुकुल जी? 'आशा' बोलिए। अगर भगवान ने मुझे कोई सामर्थ्य दी है कि मैं लोगों के काम आ सकूं, किसी के लिए कुछ कर सकूं तो मुझे तो गौरवान्वित होना चाहिए और भगवान को धन्यवाद देना चाहिए कि उन्होंने मुझे इस काबिल बनाया।

इसमें घमंड या चिढ़ क्या? क्या गजब बात कही थी। भिखारी से तो कोई आशा नहीं रखता फिर? हाल ही में एक उच्चाधिकारी के साथ किसी विभाग में जाना हुआ। आवभगत तो हुई, पर अधिकारी के कहने पर काम नहीं हुआ। रास्ते में लौटते हुए काफी दुखी रहे। कहने लगे यार रिटायर होने के बाद कोई नहीं पूछता। मैंने कहा चलो सर आज उन्हें याद करते हैं जिनके काम आपने कभी किए हैं और वो आज आपको कितना रेस्पेक्ट देते हैं। आप लोगों को जानकर परम आश्चर्य होगा कि उनके तीस साल के प्रशासनिक जीवन में 30 नाम भी नहीं याद आए। 30 साल आप आईएएस के रूप में अनगिनत विभागों और जिलों में रहे होंगे। हजारों लोग आशा बांधे खड़े होंगे, पर तब शायद सत्ता का दर्प होगा या आत्मचिंतन की जरूरत ही महसूस नहीं होगी।

आज जब आप अकेले कमरे में बैठे रहते हो, तो सत्ता का सुख हिलोरे मारता है। इससे उलट एक अधिकारी हैं। कोई जान पहचान का हो या न हो। तुरंत सहायता करने को आतुर मिलेंगे। भाई मैं उच्चाधिकारी हूं तो जनता के काम या सहायता करने के लिए ही तो हूं। क्या उन्हें जानना या जन पहचान होना जरूरी है। अगर मैंने किसी के ट्रांसफर के लिए किसी को फोन कर दिया तो मेरा क्या घट गया। उनके दरबार में भीड़ हटती नहीं। बहुत पुरानी बात हो गई। जब सीपी जोशी शिक्षा मंत्री थे। उनके प्रश्न मंच कार्यक्रम के दौरान 45 लोग अपने-अपने आवेदन लेकर आकाशवाणी आ गए। कोई किसी का परिचित नहीं था। कोई शिक्षक झालावाड़ का था और आबू स्थानांतरण चाहता था। जोशी जी ने सबका ट्रांसफर किया।

मैं हतप्रभ था। आज हर ट्रांसफर के पीछे एक गणित होता है। मेरी जाति का है क्या? वोटर है क्या? इसका राजनीतिक फायदा होगा या नहीं। जनता में संदेश क्या जाएगा? इन तमाम प्रश्नों से दूर था उनका ये कदम। भाई सच्चे जनसेवक का मतलब ही यही है। हमारे एक जोधपुर में मित्र थे। आईआईएम, आईआईटी पास आउट थे। बोलते थे भाई, ये लोक सेवक और जन सेवक होते जनता के लिए हैं पर करवाते जनता से सेवा है। बीकानेर की बात होगी। ललित पंवार साहब शिक्षा विभाग में थे। मंत्री महोदय को बहुत बुरा लगता था कि उनके चैंबर में मुझसे ज्यादा भीड़ क्यों रहती है। कल्पना कीजिए जब आप संकट में हों या संघर्ष कर रहे हों और आपको अधिकारी मानवीय व्यवहार दिखाते हुए पूरी मदद करे। आप उसे भगवान नहीं तो भगवान से कम नहीं मानेंगे। मुझे याद है हेल्लो हाईवे के मार्गदर्शक के रूप में हमें विभिन्न भाषाओं के एक्सपर्ट रखने थे, सर्वे करने थे। प्रसारण एक्सपर्ट रखने थे। एनएचएआई से महीनों संघर्ष के बाद भी भुगतान नहीं हो रहा था। अचानक एक नए अधिकारी आए मेंबर एडमिन। एमपी कैडर के थे और मेरा कोई परिचय नहीं था। क्या मदद की उन्होंने भुगतान दिलवाने में कि आंसू भी न रुके।

आज वो रिटायर हो चुके हैं पर हम उनसे जरूर कुशल क्षेम पूछते हैं। अगर आप अस्पताल जाएं और डॉक्टर आपसे दो मीठे बोल बोल ले तो आप को लगता है आप कितने भाग्यशाली हैं, जबकि उस डॉक्टर का फर्ज है कि वो अच्छा व्यवहार करे। किशोर दा का गाया एक गाना याद आ रहा है, 'प्यार बांटते चलो...' जीवन का यही सत्य है।

### अहमदिया विवाद पर बोलीं अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी

# कोई वक्फ बोर्ड, किसी समुदाय को नहीं कर सकता धर्म से बाहर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा अहमदिया समुदाय को गैर-मुस्लिम बताने वाले प्रस्ताव को पारित करने से उपजे विवाद के बीच अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को कहा कि देश के किसी भी वक्फ बोर्ड के पास किसी व्यक्ति या समुदाय को धर्म से बाहर करने का अधिकार नहीं है। प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने अहमदिया समुदाय को गैर-मुस्लिम बताने वाले आंध्र प्रदेश वक्फ बोर्ड के कदम का समर्थन करते हुए मंगलवार को दावा किया कि यह सभी मुसलमानों का सर्वसम्मत रुख है। इस मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर ईरानी ने कहा, मैं केवल इतना कहना चाहती हूं कि सभी वक्फ बोर्ड संसद के अधिनियम के तहत आते हैं। कोई भी वक्फ बोर्ड संसद की गरिमा के विपरीत काम नहीं कर सकता और उसके द्वारा बनाए गए कानूनों का उल्लंघन नहीं कर सकता। किसी भी वक्फ बोर्ड को इसकी इजाजत नहीं है कि वह किसी फतवे को सरकारी आदेश में बदल दे।



#### आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिव से मांगा जवाब

स्मृति ईरानी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, संसद के कानून के तहत किसी भी वक्फ बोर्ड को यह अधिकार नहीं है कि वह किसी व्यक्ति या समुदाय को धर्म से बाहर निकाल सके। हमने आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिव से जवाब मांगा है। हमने उनसे तथ्यों को पेश करने का अनुरोध किया है क्योंकि अहमदिया मुस्लिम समुदाय ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के समक्ष अपील की है। मंत्री ने कहा कि वह राज्य के मुख्य सचिव के जवाब का इंतजार कर रही हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिव केएस जवाहर रेड्डी को भेजे पत्र में यह भी कहा गया था कि 20 जुलाई को अहमदिया मुस्लिम समुदाय से एक पत्र मिला है जिसमें कहा गया है कि कुछ वक्फ बोर्ड अहमदिया समुदाय का विरोध कर रहे हैं और समुदाय को इस्लाम से बाहर का घोषित करने के लिए अवैध प्रस्ताव पारित कर रह रहे हैं। जमीयत उलेमा-ए-हिंद द्वारा आंध्र प्रदेश वक्फ बोर्ड के रुख का समर्थन करने के बारे में पूछे जाने पर ईरानी ने कहा कि किसी को भी संसद के अधिनियम का उल्लंघन करने का अधिकार नहीं है।

#### यह है मामला

आंध्र प्रदेश वक्फ बोर्ड ने एक प्रस्ताव पारित कर अहमदिया समुदाय को 'काफिर' (ऐसा व्यक्ति जो इस्लाम का अनुयायी न हो) और गैर मुस्लिम बताया था जिसके बाद अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश सरकार को भेजे पत्र में वक्फ बोर्ड के प्रस्ताव को नफरती अभियान बताया था जिसका असर पूरे देश में पड़ सकता है।

#### जमीयत उलेमा ए हिंद की है यह दलील

जमीयत उलेमा ए हिंद ने कहा कि इस्लाम धर्म की बुनियाद दो महत्वपूर्ण मान्यताओं पर है जो एक अल्लाह को मानना और पैगंबर मोहम्मद को अल्लाह का रसूल और अंतिम नबी मानना है। यह दोनों आस्थाएं इस्लाम के पांच बुनियादी स्तंभों में भी शामिल हैं। संगठन ने कहा कि इन इस्लामी मान्यताओं के विपरीत मिर्जा गुलाम अहमद ने एक ऐसा दृष्टिकोण अपनाया जो पैगम्बरवाद के अंत की अवधारणा के पूरी तरह से विरुद्ध है। इस मौलिक और वास्तविक अंतर के मद्देनजर अहमदिया को इस्लाम के संप्रदायों में सम्मिलित करने का कोई आधार नहीं है और इस्लाम के सभी पंथ इस बात पर सहमत हैं कि यह गैर मुस्लिम समुदाय है। जमीयत के मुताबिक, मुस्लिम वर्ल्ड लीग के छह से 10 अप्रैल 1974 को आयोजित सम्मेलन में सर्वसम्मति से अहमदिया समुदाय के संबंध में प्रस्ताव पारित कर घोषणा की गई थी कि इसका इस्लाम से संबंध नहीं है।

### कांग्रेस के नेता टाइटलर पांच अगस्त को तलब



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने वर्ष 1984 के सिख-विरोधी दंगों के दौरान पुल बंगश हत्याकांड मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर को पांच अगस्त को तलब किया है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने मामले में आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के बाद बुधवार को आदेश पारित किया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने 20 मई को मामले में टाइटलर के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों द्वारा हत्या किए जाने के एक दिन बाद एक नवंबर, 1984 को यहां पुल बंगश क्षेत्र में तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी और एक गुरुद्वारे में आग लगा दी गई थी।

### संविदा पर नहीं होगी पुलिसकर्मियों की भर्ती: देवेंद्र



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को राज्य विधानसभा में कहा कि पुलिसकर्मियों की भर्ती संविदा पर नहीं होगी। राज्य के गृह विभाग का भी प्रभार संभाल रहे फडणवीस ने कहा कि वह इस मुद्दे पर विस्तृत बयान देंगे। इस मुद्दे को उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा, आप (सरकार) पुलिसकर्मियों की भर्ती संविदा पर कर रहे हैं। आपके मंत्री भी संविदा पर हैं। जब वे अधिकारियों से जानकारी लेते हैं तो वे जवाब को मोड़ देते हैं जिसकी वजह से प्रश्नों का उत्तर देने में समय लगता है। सटीक और बिंदुवार जवाब दें। इस पर फडणवीस ने कहा कि कोई मंत्री संविदा पर नहीं है।

### जम्मू कश्मीर विधानसभा से संबंधित विधेयक लोकसभा में पेश

# POK के 1 विस्थापित व 2 प्रवासी कश्मीरी के मनोनयन का प्रस्ताव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की विधानसभा में कश्मीरी प्रवासी समुदाय से एक महिला समेत दो सदस्यों और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से विस्थापित लोगों में से एक सदस्य को मनोनीत करने के प्रावधान वाला विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किया गया।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह की ओर से 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023' पेश करते हुए कहा कि विधेयक में जम्मू कश्मीर विधानसभा में कश्मीरी प्रवासियों, पीओके से विस्थापित लोगों और अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का प्रावधान है ताकि उनके राजनीतिक अधिकारों एवं उनके समग्र सामाजिक एवं आर्थिक विकास को संरक्षित किया जा सके। विधेयक में कहा गया कि जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की परिसीमन प्रक्रिया करते समय परिसीमन आयोग को 'कश्मीरी विस्थापितों' और 'पीओके से विस्थापित लोगों' से भी उनके राजनीतिक अधिकारों को सुरक्षित रखने और पहचान को बनाए रखने के लिए जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा में स्थानों के आरक्षण के संबंध में कई ज्ञापन प्राप्त हुए थे। परिसीमन आयोग ने कश्मीरी विस्थापितों और पीओके से विस्थापितों के प्रतिनिधित्व के लिए मनोनयन की सिफारिश की।



#### जम्मू कश्मीर आरक्षण संशोधन विधेयक पेश

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को लोकसभा में जम्मू कश्मीर आरक्षण संशोधन विधेयक 2023 पेश किया। इसमें जम्मू कश्मीर में पेशेवर शैक्षणिक संस्थानों में दाखिला और नियुक्ति में आरक्षण के पात्र लोगों के नामकरण संबंधी धारा में बदलाव की बात कही गई है। निचले सदन में गृह मंत्री अमित शाह की ओर से गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने उक्त विधेयक पेश किया। इस दौरान मणिपुर के मुद्दे पर विपक्षी सदस्य शोर-शराबा कर रहे थे। विधेयक के उद्देश्यों एवं कारणों में कहा गया है कि जम्मू कश्मीर आरक्षण अधिनियम 2004, आरक्षण अधिनियम के रूप में निर्दिष्ट अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग के सदस्यों के लिए पेशेवर संस्थाओं में नियुक्ति और प्रवेश में आरक्षण का उपबंध करने के लिए लागू किया गया था। जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 की धारा 95 की उप धारा (2) के अनुसार जम्मू कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में आरक्षण, आरक्षण अधिनियम द्वारा शासित होता रहेगा। वर्तमान में जम्मू कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में कोई विधानमंडल नहीं है। जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के अधीन राष्ट्रपति की उद्घोषणा द्वारा जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र के विधान मंडल की शक्तियां, संसद के प्राधिकार द्वारा या उसके अधीन हैं।

#### वन संरक्षण संशोधन विधेयक को मंजूरी

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने बुधवार को मणिपुर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री के बयान और चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच 'वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023' को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। सदन में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने विधेयक को चर्चा और पारित करने के लिए पेश किया। इस विधेयक को भाजपा के सदस्य राजेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता वाली संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा गया था। समिति ने विधेयक पर विभिन्न हितधारकों से सुझाव लिए और विचार-विमर्श किया। विधेयक पर संक्षिप्त चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा की दिया कुमारी ने कहा कि इसमें वन सफारी और इको-टूरिज्म से जुड़े प्रावधान शामिल किए गए हैं जो सरकार की दूरदर्शिता को दर्शाते हैं।

### छत्तीसगढ़ कोयला घोटाला

# पूर्व सांसद विजय दर्डा, उनके बेटे को चार साल की सजा

**एजेंसी** | नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने छत्तीसगढ़ में कोयला ब्लॉक आवंटन में अनियमितता से जुड़े एक मामले में राज्यसभा के पूर्व सदस्य विजय दर्डा, उनके बेटे देवेंद्र दर्डा और कारोबारी मनोज कुमार जयसवाल को बुधवार को चार साल की सजा सुनाई। अदालत के आदेश के बाद तीनों दोषियों को हिरासत में ले लिया गया। विशेष न्यायाधीश संजय बंसल ने पूर्व कोयला सचिव एच. सी. गुप्ता और दो पूर्व वरिष्ठ लोक सेवकों- के. एस. क्रोफा और के. सी. समरिया को भी तीन साल की सजा सुनाई। हालांकि, इन तीनों दोषियों को अदालत ने निजी मुचलके पर जमानत दे दी, ताकि वे अपनी दोषसिद्धि और सजा को उच्च न्यायालय में चुनौती दे सकें। अदालत ने मामले में दोषी ठहराई गई कंपनी जेएलडी यवतमाल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड पर 50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। कोयला घोटाले में 13वीं दोषसिद्धि में अदालत ने 13 जुलाई को सात आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश रचना) एवं 420 (जालसाजी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया था।

#### धोखाधड़ी से ब्लॉक हासिल किया था

अदालत ने दर्डा, उनके बेटे तथा जायसवाल पर 15-15 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। अन्य तीन दोषियों को भी 20-20 हजार रुपए का जुर्माना भरने का निर्देश दिया गया। न्यायाधीश ने कहा, मौजूदा मामला कोयला ब्लॉक आवंटन से संबंधित है। दोषियों ने भारत सरकार के साथ धोखाधड़ी करके उक्त ब्लॉक हासिल किया था।

#### CBI ने मांगी थी 7 साल की सजा

सजा पर जिरह के दौरान, सीबीआई ने यह दावा करते हुए दोषियों के लिए अधिकतम सात साल की सजा की मांग की थी कि दर्डा और उनके बेटे ने जांच को प्रभावित करने के लिए तत्कालीन सीबीआई निदेशक रंजीत सिन्हा से उनके आवास पर मुलाकात की थी।

### विरोध प्रदर्शन व दंगों के संबंध में गिरफ्तार लोगों का मामला

# मुकदमे वापस लेने के निर्देश का विरोध, भाजपा ने साधा निशाना

**एजेंसी** | बेंगलुरु

कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने अधिकारियों को 'निर्दोष' युवाओं और छात्रों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेने के एक कांग्रेस विधायक के अनुरोध की जांच करने के लिए कहा है।

दावा किया गया है कि उन युवाओं को शहर के डीजे हल्ली और केजी हल्ली, शिवमोग्गा एवं हुबली सहित अन्य स्थानों पर विरोध प्रदर्शन और दंगों के संबंध में 'झूठे मामलों' में गिरफ्तार किया गया था। परमेश्वर ने गृह विभाग के प्रधान सचिव को 19 जुलाई को लिखे एक नोट में नरसिम्हाराजा के विधायक और पूर्व मंत्री तनवीर सैत के अनुरोध का हवाला दिया है। गृह मंत्री के नोट में कहा है कि समीक्षा के बाद नियमों के अनुसार ऐसे मुकदमों को वापस लिया जाए। सरकार और गृह मंत्री पर निशाना साधते हुए कर्नाटक भाजपा ने एक ट्वीट में कहा, ऐसा लगता है... डॉ. परमेश्वर इस प्रकार काम कर रहे हैं कि वे (सरकार) 'एक' समुदाय के सांप्रदायिक अपराधियों को क्लीनचिट दे देंगे!



यह पत्र साबित करता है कि यह सरकार जिहादियों और पीएफआई आतंकवादियों के इशारे पर काम कर रही है।

#### सीएम ने पहनाई चप्पल



*सिंगरौली। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को सिंगरौली में मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में एक लाभार्थी को चप्पल पहनाते हुए।*

### मध्य प्रदेश में कांग्रेस का वादा

# सत्ता में आने पर किसानों को देंगे मुफ्त बिजली

**एजेंसी** | भोपाल



कांग्रेस ने बुधवार को वादा किया कि अगर साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद मध्य प्रदेश में उसकी सरकार बनती है तो किसानों को मुफ्त बिजली दी जाएगी और उनके कृषि ऋण तथा बकाया बिजली माफ कर दिये जाएंगे। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के प्रमुख कमलनाथ ने आरोप लगाया कि भाजपा शासन के तहत राज्य में किसानों पर ऋण का बोझ बढ़ रहा है। उनकी कृषक न्याय योजना से कृषि में किसानों की लागत में कमी आएगी। संवाददाता सम्मेलन के दौरान कुछ देर के लिए बिजली चली गई थी। कमलनाथ ने पत्रकारों से कहा, हमने पहले चरण में 27 लाख किसानों का कृषि ऋण माफ किया।

### भाजपा के तथ्यान्वेषी दल ने पार्टी अध्यक्ष नड्डा को सौंपी रिपोर्ट

# एनआईए-सीबीआई से कराई जाए हिंसा की सभी घटनाओं की जांच

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में हाल में हुए पंचायत चुनावों के दौरान हिंसा की घटनाओं की जांच करने वाली भाजपा की एक तथ्यान्वेषी समिति ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा को सौंप दी।

तथ्यान्वेषी समिति के संयोजक भाजपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने हत्याओं, हिंसा और राजनीतिक कारणों से लोगों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं के शिकार परिवारों की पीड़ा का हवाला देते हुए कहा कि यह समिति मांग करती है कि हिंसा के सभी मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से कराई जाए, क्योंकि राज्य में पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत तथा उनका पक्षपात सभी को पता है।



उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को बम विस्फोट से जुड़े मामलों की जांच करनी चाहिए, क्योंकि यह अनुसूचित अपराध की श्रेणी में आता है। प्रसाद ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं से बातीचत में कहा कि देश के लिए यह जानना जरूरी है कि बंगाल में लोकतंत्र खत्म हो गया है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार का अहंकार और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति घोर अनादर निराशाजनक है। भाजपा पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक तरीके से लोगों की आवाज के लिए लड़ना जारी रखेगी। प्रसाद ने दावा किया कि चुनावों के बाद लोगों में 'खेला होबे' का भय ही तृणमूल कांग्रेस सरकार की पहचान बन गया है।

#### अधिकांश पीड़ित पिछड़े समुदायों के

प्रसाद ने हिंसा, खासकर राजनीतिक हिंसा के शिकार लोगों के परिवारों तथा उनकी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की तस्वीरें भी दिखाईं और कहा कि इनमें से अधिकांश वंचित और पिछड़े समुदायों से थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने और उसके प्रतिद्वंद्वियों पर हमला करने के लिए पूरी मशीनरी का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव निष्पक्ष तरीके से हुए होते तो उन्हें यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि भाजपा पंचायत चुनावों में भारी जीत हासिल करती। प्रसाद ने कहा कि भाजपा ने फिर भी 11,000 ग्राम पंचायत सीट जीतीं, जबकि कांग्रेस और वाम जैसे अन्य सभी विपक्षी दल 4,000 सीट तक सिमटकर रह गए।

### BJP की रिपोर्ट ध्यान बांटने की तरकीब: TMC

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा की तथ्यान्वेषी समिति की रिपोर्ट की बुधवार को आलोचना करते हुए दावा किया कि भाजपा ने मणिपुर में कथित रूप से जो भारी भूल की है यह रिपोर्ट उससे ध्यान भटकाने की तरकीब है। पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने यह सवाल भी किया कि भाजपा ने जातीय हिंसा से प्रभावित इस पूर्वोत्तर राज्य में भी ऐसे ही दल क्यों नहीं भेजे? तृणमूल कांग्रेस की वरिष्ठ मंत्री शशि पांजा ने कहा, भाजपा घबराई हुई और परेशान है। भाजपा की तथ्यान्वेषी टीम बंगाल का दौरा कर रही हैं लेकिन मणिपुर नहीं जा रही हैं। हमने देखा है कि कैसे इन तथ्यान्वेषी मिशनों के सदस्य दिल्ली में बंगाल पर संवाददाता सम्मेलन करते हैं। लेकिन ऐसे किसी तथ्यान्वेषी मिशन ने मणिपुर का दौरा नहीं किया है।उन्होंने सवाल किया कि क्यों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के पटल पर मणिपुर के मौजूदा संकट पर बयान अब तक नहीं दिया।



#### BJP पर लगाया हिंसा का आरोप

मंत्री शशि पांजा ने भाजपा पर स्थानीय चुनाव के दौरान बंगाल में हिंसा करने का आरोप लगाया और कहा कि कई मौकों पर प्रदेश भाजपा फर्जी वीडियो का इस्तेमाल करते हुए पकड़ी गई है। उन्होंने कहा, वे राज्य को बदनाम करने के लिए फर्जी वीडियो का इस्तेमाल कर रहे हैं। भाजपा को पश्चिम बंगाल को बदनाम करना बंद करना चाहिए तथा मणिपुर की ओर देखना चाहिए।

## अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र देश को समर्पित... समारोह में घुले सांस्कृतिक रंग




*नई दिल्ली। पीएम मोदी ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के प्रगति मैदान में पुनर्विकसित अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र 'भारत मंडपम' राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार। -पीटीआई*

### यह मोदी की गारंटी है...

## तीसरे कार्यकाल में हम बनेंगे तीसरी सबसे बड़ी इकॉनोमी

**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव से पहले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का खाका पेश करते हुए बुधवार को दावा किया कि भारत अभी की तुलना में तेज वृद्धि दर के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। देश अब अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान के बाद दुनिया में पांचवें स्थान पर है। मोदी के नेतृत्व वाले राजग की सरकार अगले साल मई में अपने 10 साल पूरे करेगी। राजग विकास के मुद्दे पर तीसरे कार्यकाल के लिए चुनाव में उतरने की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रीय राजधानी के बीचोंबीच अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र परिसर 'भारत मंडपम' का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा, हम भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाएंगे जो राष्ट्र पहले, नागरिक पहले के सिद्धांत पर काम करेगा। हमें अगले 25 साल में यह लक्ष्य हासिल करना है। उन्होंने नीति आयोग की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत निश्चित रूप से गरीबी मिटा सकता है, क्योंकि इसमें 13.5 करोड़ गरीबों को गरीबी से बाहर निकालने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि भारत उनके तीसरे कार्यकाल में दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। यह मोदी की गारंटी है।



### देशवासियों का लोकतंत्र के लिए खूबसूरत उपहार

इससे पहले, प्रधानमंत्री ने प्रगति मैदान में पुनर्विकसित आईईसीसी 'भारत मंडपम' को राष्ट्र को समर्पित किया और इसे भारतीयों द्वारा अपने लोकतंत्र को दिया एक खूबसूरत उपहार करार दिया।

### जरूरी खबर

#### ज्ञानवापी सर्वेक्षण पर रोक आज तक के लिए बढ़ाई



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के एएसआई सर्वेक्षण पर लगी रोक को गुरुवार तक के लिए बढ़ा दिया है। अदालत इस मामले में गुरुवार अपराह्न साढ़े तीन बजे सुनवाई करेगी। इस मामले में दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश प्रितिंकर दिवाकर ने मामले में आगे की सुनवाई गुरुवार को जारी रखने का आदेश दिया।

#### प्रमोद भार्गव लोक कवि ईसुरी सम्मान से सम्मानित



**भोपाल।** लेखक व स्तंभकार प्रमोद भार्गव को भोपाल के रविंद्र नाथ टैगोर भवन में मध्य प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग साहित्य अकादमी द्वारा लोक कवि ईसुरी सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा, साहित्य अकादमी निदेशक डॉ विकास दवे और संस्कृति विभाग के सचिव अदिति कुमार त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दिया। सम्मान में शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और इक्यावन हजार रुपए का चेक दिया गया। भार्गव को यह सम्मान उनकी पुस्तक सहरीया आदिवासी जीवन और संस्कृति पर दिया गया है।

### संख्या बल को लेकर आश्वस्त है सरकार, कोई डर नहीं

# लोस में अविश्वास प्रस्ताव लाई कांग्रेस, चर्चा की तिथि तय नहीं

एजेंसी । नई दिल्ली

कांग्रेस ने मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर संसद में जारी गतिरोध के बीच बुधवार को लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जिस पर चर्चा के लिए सदन ने मंजूरी भी दे दी। लेकिन सरकार ने कहा है कि जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा पर पूरा विश्वास है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सभी दलों के नेताओं से बातचीत करने के बाद इस प्रस्ताव पर चर्चा की तिथि तय करेंगे, हालांकि कांग्रेस का कहना है कि इस पर गुरुवार से ही चर्चा होनी चाहिए। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि यह प्रस्ताव विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की ओर से सामूहिक तौर पर लाया गया है।




#### आज से ही शुरू हो चर्चा: मनीष तिवारी

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने संवाददाताओं से कहा, हमारा आग्रह है कि लोकसभा अध्यक्ष को प्राथमिकता के आधार पर इस प्रस्ताव को लेना चाहिए और इस पर गुरुवार को ही चर्चा आरंभ होनी चाहिए तथा जल्द से जल्द मतदान होना चाहिए। लोकसभा की परंपरा रही है कि जब भी यह प्रस्ताव आता है तो बाकी सारे कार्यों को रोककर इस पर चर्चा होती है।

#### मणिपुर मुद्दे पर घेरने के लिए अविश्वास प्रस्ताव

अविश्वास प्रस्ताव का भविष्य पहले से तय है, लेकिन विपक्ष की दलील है कि वे चर्चा के दौरान मणिपुर मुद्दे पर सरकार को घेरेंगे और जनता के बीच धारणा बनाने के लिहाज से सरकार को मात देने में सफल रहेंगे। अविश्वास प्रस्ताव को चर्चा के लिए 50 सदस्यों का समर्थन जरूरी है।

#### नौ साल में दूसरी बार अविश्वास प्रस्ताव

विगत नौ वर्षों में यह दूसरा अवसर होगा जब मोदी सरकार अविश्वास प्रस्ताव का सामना करेगी। इससे पहले, जुलाई, 2018 में मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाया था। इस अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में सिर्फ 126 वोट पड़े थे, जबकि इसके खिलाफ 325 सांसदों ने वोट दिया था।

#### सरकार को कोई खतरा नहीं

इस बार भी अविश्वास प्रस्ताव का भविष्य पहले से तय है क्योंकि संख्याबल स्पष्ट रूप से भाजपा के पक्ष में है। लोकसभा की 543 सीट में से पांच अभी रिक्त हैं। इनमें से 330 से अधिक सांसद भाजपा और राजग के अन्य घटक दलों के हैं। कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के उसके साथी दलों के सदस्यों की संख्या 140 से अधिक है। करीब 60 सांसदों का संबंध उन दलों से है जो दोनों गठबंधनों का हिस्सा नहीं है।

#### लोगों को पीएम पर पूरा विश्वास: जोशी

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि देश के लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा पर पूरा विश्वास है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी के पिछले कार्यकाल में भी यही किया था और जनता ने उसे सबक सिखाया था। इस बार फिर देश की जनता इन लोगों को सबक सिखाएगी। संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि यह अविश्वास प्रस्ताव आने दीजिए, सरकार तैयार है।

### दिल्ली अध्यादेश पर मोर्चाबंदी तय

## बीजद, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी व निर्दलीय तय करेंगे भविष्य

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली से संबंधित केंद्र के अध्यादेश के स्थान पर विधेयक लाए जाने की तैयारी में है। लेकिन विधेयक को उच्च सदन में पारित कराने के लिए सत्तारूढ़ राजग को बीजू जनता दल, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी, मनोनीत और निर्दलीय सदस्यों के समर्थन पर निर्भर रहना होगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को इस विधेयक को मंजूरी दी थी लेकिन विधेयक को संसद में कब लाया जाएगा, इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। विधेयक को सोमवार को लोकसभा में पेश किए जाने की उम्मीद है, लेकिन ऐसी अटकलें थीं कि इसे गुरुवार को राज्यसभा में लाया जा सकता है। इस बीच, कांग्रेस ने बुधवार को अपने राज्यसभा सदस्यों को व्हिप जारी कर कहा कि वे गुरुवार को सदन में पूरे दिन मौजूद रहें क्योंकि 'बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे' चर्चा के लिए लाए जाने वाले हैं। लोकसभा में राजग के पास बहुमत है।



#### यह है सदन में आंकड़ों का गणित

भाजपा-नीत राजग और विपक्ष का 'इंडिया', दोनों आंकड़ों की दृष्टि से राज्यसभा में बराबरी की स्थिति में हैं। राजग के 101 सदस्य हैं, जबकि 26 दलों वाले इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) को 100 सांसदों का समर्थन प्राप्त है। किसी भी गठबंधन में नहीं शामिल दलों के 28 सदस्य हैं। पांच सदस्य नामित और तीन निर्दलीय हैं। इन 28 सदस्यों में से भारत राष्ट्र समिति के सात सदस्यों के विपक्षी खेमे के साथ मतदान करने की उम्मीद है। बीजद और वाईएसआर कांग्रेस के नौ-नौ सदस्य हैं।

### वीडियो पर बवाल, गिरफ्तारी की मांग

## शौचालय में छात्रा का वीडियो बनाया, FIR दर्ज

एजेंसी । बेंगलुरु/उडुपी

कर्नाटक के उडुपी शहर में कॉलेज के शौचालय में कथित तौर पर साथी छात्रा का वीडियो बनाने की घटना के कई दिन बाद तीन छात्राओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। राज्य में विपक्षी भाजपा ने आरोपी छात्राओं को गिरफ्तार करने की मांग की है जबकि राज्य के गृहमंत्री जी.परमेश्वर ने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी 'छोटी सी घटना' पर ओछी राजनीति कर रही है। पैरामेडिकल कॉलेज की तीन छात्राओं के खिलाफ उडुपी के मालपे पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। सूत्रों ने बताया कि प्राथमिकी में कॉलेज प्रशासन को भी नामजद किया गया है और सुसंगत धाराए लगाई गई हैं। पुलिस ने बताया कि उसने कॉलेज के शौचालय में वीडियो बनाने के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की है।

## लॉरेंस बिश्नोई का करीबी सहयोगी विक्रम गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के करीबी सहयोगी विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्रम बरार को गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि विक्रम बरार को प्रत्यर्पण के तहत संयुक्त अरब अमीरात से भारत लाया गया है जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एनआईए का एक दल विक्रम बरार को भारत वापस लाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात गया था।

### मणिपुर में हिंसा का सिलसिला जारी

## भीड़ ने घरों में लगाई आग, बसों को बनाया निशाना

एजेंसी । इंफाल

मणिपुर में हिंसा का सिलसिला नहीं थम रहा है। मोरेह जिले में बुधवार को भीड़ ने कम से कम 30 घरों और दुकानों को आग लगा दी और सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की। खाली पड़े ये घर म्यांमार सीमा के करीब मोरेह बाजार क्षेत्र में थे। आगजनी के बाद भीड़ और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी भी हुई। अधिकारियों ने बताया कि यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि घटना में कोई हताहत हुआ है या नहीं। अधिकारियों ने बताया कि यह आगजनी कांगपोकपी जिले में भीड़ द्वारा सुरक्षा बलों की दो बसों को आग के हवाले करने की घटना के एक दिन बाद हुई। यह घटना सपोरमीना में उस समय हुई, जब बसें मंगलवार शाम दीमापुर से आ रही थीं। इस दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय लोगों ने मणिपुर की पंजीकरण संख्या वाली बस को सपोरमीना में रोक लिया।




*इंफाल। मिजोरम के सीएम के मणिपुर में हिंसा के खिलाफ एक रैली में शामिल होने के विरोध में प्रदर्शन करते लोग।*

### करगिल विजय दिवस: सेना के शौर्य का स्मरण, शहीदों को नमन

# जरूरत पड़ी तो देश एलओसी को पार करने को तैयार: राजनाथ सिंह

एजेंसी । द्रास (लद्दाख)

देश में बुधवार को करगिल विजय दिवस मनया गया और शहीदों को नमन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से लेकर आमजन ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके शौर्य का स्मरण किया। इस अवसर पर द्रास में आयोजित एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत अपना सम्मान और प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार करने को तैयार है। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से ऐसी स्थिति में सैनिकों के समर्थन के लिए तैयार रहने का आह्वान भी किया। सिंह यहां करगिल युद्ध स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर, 1999 के करगिल युद्ध में अपना जीवन बलिदान करने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, देश की संप्रभुत्ता, एकता और अखंडता की रक्षा करने में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हमने देश के शत्रुओं का खात्मा करने के लिए सशस्त्र बलों को खुली छूट दी है। भारत एक शांति प्रिय देश है जो अपने सदियों पुराने मूल्यों में यकीन रखता है और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के लिए समर्पित है, लेकिन अपने हितों की रक्षा के लिए हम एलओसी पार करने से भी नहीं हिचकिचाएंगे। उन्होंने लोगों से जरूरत पड़ने पर न केवल अप्रत्यक्ष रूप से बल्कि प्रत्यक्ष रूप से भी युद्ध में भाग लेने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

रूस-यूक्रेन युद्ध का उदाहरण देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि युद्ध एक साल से भी अधिक समय से चल रहा है, क्योंकि नागरिक आगे आए और युद्ध में हिस्सा ले रहे हैं। सिंह ने कहा कि करगिल युद्ध भारत पर थोपा गया था और पाकिस्तान ने हमारी पीठ में 'छुरा भोंका' था।



#### युद्ध के नायक, वीर नारियां पहुंचीं समारोह में

भारतीय सेना ने 1999 में लद्दाख की अहम चोटियों पर कब्जा करने वाली पाकिस्तानी सेना को खदेड़ दिया था। करगिल विजय दिवस इस युद्ध में भारत की जीत की याद में मनाया जाता है। द्रास में आयोजित समारोह में युद्ध के नायक, वीर नारियां और शहीद जवानों के परिवार के सदस्य एकत्रित हुए। रक्षा मंत्री सिंह ने उनसे बातचीत की तथा राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले नायकों को याद करते हुए उनके प्रति हार्दिक आभार जताया। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन वीर जवानों का बलिदान कभी नहीं भुलाया जाएगा।

#### शूरवीरों के अदम्य साहस से जीत हासिल की: जनरल मनोज पाण्डे

**नई दिल्ली/द्रास।** तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने करगिल विजय दिवस की 24वीं वर्षगांठ पर मंगलवार को शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी और थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पाण्डे ने कहा कि देश ने वीर जवानों के अदम्य साहस के कारण ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। जनरल पाण्डे ने सुबह ट्वीट किया, करगिल विजय दिवस भारतीय सेना के पराक्रम, शौर्य और दृढ़ निश्चय का प्रतीक है। आज के इस गौरवशाली अवसर पर उन सभी शूरवीरों को नमन जिनके अदम्य साहस से यह ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई। देश के स्वाभिमान और सम्प्रभुता की रक्षा के लिए भारतीय सेना सदैव समर्पित है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेनाध्यक्ष जनरल पाण्डे के साथ वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरिकुमार ने लद्दाख के द्रास में करगिल युद्ध स्मारक पर करगिल युद्ध के शहीदों तथा शूरवीरों को श्रद्धांजलि दीं।

## अपकमिंग फिल्म का प्रमोशन करने जयपुर आए रणवीर सिंह और आलिया भट्ट

# रॉकी और रानी बोले लव यू राजस्थान



**बेधड़क. जयपुर।** 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के रिलीज होने का फैंस और दर्शकों को लम्बे समय से इंतजार है। चूंकि, फिल्म को रिलीज होने में अब कुछ ही समय शेष है, ऐसे में उनके उत्साह को दोगुना करते हुए फिल्म के प्रमोशन का सिलसिला जोरों पर है। कई शहरों से होते हुई इसके कलाकारों की सवारी जयपुर पहुंची। अभिनेता रणवीर सिंह और आलिया भट्ट इस फिल्म को लेकर मीडिया से रूबरू हुए और उनके सवालों के जवाब दिए। इस दौरान रणवीर और आलिया पूरी तरह से राजस्थान के रंग में रंगे नजर आए। उन्होंने कहा कि- राजस्थान उन्हें खूब पसंद है, खासकर जयपुर। दोनों एक स्वर में बोले- लव यू राजस्थान।



फोटो: पंकज शर्मा

### 28 को रिलीज होगी फिल्म

फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह तैयार है। धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाई गई इस फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया का एक दिलकश अंदाज देखने को मिलेगा। इस फिल्म के साथ करण जौहर फिल्म इंडस्ट्री में अपने यादगार 25 साल पूरे कर रहे हैं। फिल्म में खूबसूरत रोमांस का तड़का इसके ट्रेलर में साफ तौर पर देखा जा सकता है। फैंस को फिल्म का ट्रेलर काफी पसंद आ रहा है। यह रोमांटिक होने के साथ ही ड्रामा, मस्ती और मनोरंजन से भरपूर फिल्म है।

### दिखेगा रणवीर का अनोखा अवतार

फैंस और दर्शकों के उत्साह में डबल तड़का लगने की उम्मीद है, क्योंकि 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में उन्हें रणवीर का अनोखा अवतार देखने को मिलेगा। रणवीर ने काफी समय से ऐसा किरदार नहीं निभाया है और इस फिल्म में आलिया भट्ट का भी अनोखा प्रभाव देखने को मिल रहा है। मां बनने के बाद आलिया की यह पहली फिल्म है, जो बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट के अलावा भी फिल्म में कई बड़े सितारे एक साथ नजर आएंगे। इनमें धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी जैसे नाम भी शामिल हैं।

## स्वरोजगार मेला कार्यालय खुला



**बेधड़क. जयपुर।** स्वदेशी एवं स्वरोजगार मेला के कार्यालय का शुभारंभ बुधवार को सोडाला के रामनगर में हुआ। यह मेला वीटी रोड पर मेला ग्राउंड में 23 से 30 सितंबर तक लगाया जाएगा। कार्यक्रम में मेला संयोजक भीमराज शर्मा, सह संयोजक डॉ. कैलाश मोंढे, रणजीत सिंह के साथ स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक देवेन्द्र भारद्वाज सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्वदेशी जागरण मंच के महानगर प्रचार प्रमुख रणजीत सिंह ने बताया कि मार्च माह तक सम्पूर्ण देश में 100 से अधिक स्वदेशी मेलों का अयोजन किया जाएगा।

## डॉ. नवीन शर्मा सम्मानित



**बेधड़क. जयपुर।** सीनियर ऑर्थोपेडिक सर्जन नवीन शर्मा को स्पोर्ट्स इंजरी और मेडिकल टूरिज्म में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा और आयुष मंत्री सुभाष गर्ग ने सम्मानित किया। उनके साथ ही डॉ. आभा शर्मा को भी अवॉर्ड दिया। गौरतलब है कि राजस्थान में मेडिकल ट्यूरिज्म इंडस्ट्री को बढ़ाने में डॉ. नवीन शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बांग्लादेश, दुबई, मस्कट, ओमान, नेपाल से काफी मरीज जयपुर आते हैं जो बेहतर इलाज के लिए अपने देश की बजाय भारत की ओर रुख करते हैं। डॉ. नवीन शर्मा आज देश के उन चुनिंदा डॉक्टर्स में शामिल हैं, जिन्हें यूट्यूब से सिल्वर बटन मिला है। उनके चैनल पर तीन लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर्स हैं।

## City इवेंट्स

### विप्र महासभा ने EWS की समस्याएं बताईं



**बेधड़क. जयपुर।** विप्र महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील उदेईया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सामाजिक अधिकारिता एवं न्याय विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. समित शर्मा से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने इस दौरान ईडब्ल्यूएस वर्ग को अनुप्रति कोचिंग योजना में आवेदन भरने में आ रही समस्या बताई और आवेदन की तिथि बढ़ाने की मांग की। शर्मा ने आवेदन तिथि बढ़ाने का आश्वासन दिया। महासभा ने EWS बोर्ड के अध्यक्ष पद पर भी शीघ्र नियुक्ति की मांग की। वहीं चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में EWS वर्ग का अभी तक भी रजिस्ट्रेशन शुल्क माफ नहीं किए जाने को लेकर प्रमुख सचिव वित्त अखिल अरोड़ा से मिल कर अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. सोमेन्द्र सारस्वत, देवेंद्र शर्मा, प्रवक्ता मनीष मुद्गल, महेंद्र चतुर्वेदी ललित वशिष्ठ आदि शामिल रहे।

### वर्षा ऋतु पर दी प्रस्तुतियां



**बेधड़क. जयपुर।** इंटरनेशनल ध्रुवपद धाम ट्रस्ट द्वारा राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इण्डस्ट्री एवं कला साहित्य संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के सहयोग से चल रही ध्रुवपद परंपरा एवं कंटेम्परेरी क्रिएटिव प्रशिक्षण कार्यशाला का युवा समारोह के रूप में समापन हुआ। कार्यशाला शुरुआत चित्रकार रामू राम देव व पार्षद रजत विश्नोई, विशिष्ट अतिथि संगीतज्ञ आरडी अग्रवाल एवं आर्ट प्रमोटर शालिनी शर्मा, सह संयोजिका भाजपा सांस्कृतिक एवं पर्यटन प्रकोष्ठ ने दीप प्रज्ज्वलन कर की। ध्रुवपदाचार्य पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग की शिष्या प्रोफेसर डॉक्टर मधु भट्ट तैलंग के निर्देशन में शास्त्रीय गायकी ध्रुवपद के घरानेदार प्रशिक्षण प्राप्त पच्चीस युवा विद्यार्थियों ने समूह में शानदार प्रदर्शन किया। सावन की शिव आराधना एवं वर्षा ऋतु पर राग भैरव के प्रकारों बैरागी व गुणकली एवं राग मेघ की विशेष प्रस्तुतियों को आधार बनाया।

### मंदिर कर्मों का चिकित्सालय



**बेधड़क. जयपुर।** ज्योतिनगर जैन मंदिर में चातुर्मास रत आर्यिका विशेष मति माताजी ने कहा क जिस प्रकार रोगों को नष्ट करने के लिए चिकित्सालय जाते हैं, उसी प्रकार अपने कर्मों को नष्ट करने भगवान के पास मन्दिर जाते हैं। श्रावक के तीन मूल गुण में एक नित्य देव दर्शन भी है। माताजी ने पानी छान कर पीने के संबंध में स्पष्ट किया की छने हुए पानी की मर्यादा मात्र 48 मिनट होती है अर्थात् इस समय के बाद पानी को छना हुआ नहीं कह सकते। इसी प्रकार रात्रि भोजन त्याग के बारे में भी श्रोताओं को समझाया। प्रवचन से पूर्व संयम भवन में प्रातः स्वाध्याय में स्वयम्भू स्तोत्र का वाचन किया गया।

## चुनड़ी पहन कलश यात्रा में शामिल हुईं महिलाएं

# राजा परीक्षित प्रसंग के संग भागवत कथा की शुरुआत



बेधड़क | जयपुर

राजधानी के टोंक रोड स्थित महावीर नगर के श्री राम मंदिर में बुधवार को कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

कथा आयोजक साधक संजीवनी प्रमुख डॉ. कविता शर्मा ने बताया कि कलश यात्रा अय्यप्पा मंदिर से आरंभ हुई। इस दौरान जहां महिलाएं पारंपरिक चुनड़ी की वेशभूषा में अपने सिर पर कलश रखकर चल रही थीं, वहीं पुरुष श्रद्धालु भागवत जी पोथी को सिर पर धारण कर चल रहे थे।

कलश यात्रा महावीर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री राम मंदिर पहुंची। इस दौरान जगह-जगह पर भक्तों द्वारा कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कलश यात्रा में श्रद्धालु बैंडबाजों की धुन पर मंगल गीत गाते हुए चल रहे थे। श्री राम मंदिर सेवा ट्रस्ट की ओर से कलश यात्रा का पुष्प वर्षा, शीतल पेय और प्रसाद से स्वागत किया गया।

श्री राम मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश बंसल ने बताया कि व्यास पीठ से अंकिचन जी महाराज ने राजा परीक्षित प्रसंग सुना कर संगीतमय भागवत कथा की शुरुआत की, जिसे सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए। कथा रोजाना दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक होगी।

## महिला क्लस्टर समूह संगम में आईं 2000 महिलाएं

# आटा मिल, अन्य मशीनें लगाकर महिलाओं को रोजगार से जोड़ेंगे



बेधड़क | जयपुर

राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बिलोची में राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद राजीविका के संयुक्त तत्वावधान में आमेर ब्लॉक स्तरीय महिला क्लस्टर समूह संगम का आयोजन किया गया। समारोह में आमेर विधानसभा की 12 ग्राम पंचायतों की करीब 2000 महिलाओं ने भाग लिया। महिलाएं बिलोची संस्कृत विद्यालय में एकत्र हुई और यहां से बस स्टैंड बाजार में प्रभात फेरी निकाली। समारोह की मुख्य अतिथि स्टेट परियोजना समन्वयक प्रीति सिंह चौधरी रहीं, अध्यक्षता उप जिला प्रमुख जयपुर, पीसीसी महासचिव मोहन डागर ने की। अति विशिष्ट अतिथि जिला परियोजना समन्वयक अनुपमा सक्सेना, फाइनेंस मैनेजर राजीव जैन थे। विशिष्ट अतिथि आमेर प्रधान बद्रीनारायण बागड़ा रहे। आमेर ब्लॉक प्रभारी सीताराम मीणा, एरिया कोर्डिनेटर मंजू यादव, आरपीआरपी जीवराज सुथार, अनिता चौधरी ने बताया कि 7 दिन तक महिलाओं को क्लस्टर संगठन सीएलएफ की ट्रेनिंग दी गई। अनुपमा सक्सेना ने कहा कि ग्राम स्तर पर आटा मिल, अगरबत्ती मशीन, झाड़ू बनाने की मशीन लगाकर, पापड़-मंगोड़ी, आचार-मुरब्बा, जूती के लघु उद्योग स्थापित कर महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा।

**पं. मनमोहन भट्ट स्मृति समारोह** | विभिन्न हस्तियों को लाइफ टाइम अचीवमेंट और पं.मनमोहन भट्ट स्मृति अवॉर्ड

# सात्विक वीणा संग तबला नवाजों की दमदार संगति

बेधड़क | जयपुर

मशहूर फनकार तंत्री सम्राट पं. सलिल भट्ट ने अपनी सात्विक वीणा साज पर सुरों की खूबसूरत आईनबंदी कर मौजूद दानिशमंद श्रोताओं के दिलों को छू लिया। उन्होंने राग जोग से नैसर्गिक सौन्दर्य छलकाया।

यहां होटल क्लार्क्स आमेर के कंचन हॉल में शुरू हुए दो दिवसीय पं. मनमोहन भट्ट स्मृति समारोह के पहले दिन बुधवार को पं.सलिल भट्ट के सात्विक वीणा वादन के साथ संगीत के अलावा विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड व पं. मनमोहन भट्ट स्मृति अवॉर्ड भी प्रदान किए गए।



### सुर, लय और ताल के साथ गा उठी सात्विक वीणा

सात्विक वीणा के रचयिता पं.सलिल भट्ट ने अपनी डेजर्ट स्टॉर्म प्रस्तुति में चार संगत तबला नवाजों को शामिल किया, जो संगीतप्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। अमूमन एक ही तबला वादक को संगत करते देखा गया है। पं. सलिल भट्ट ने सुरों के खूबसूरत लगाव से खासा मुतास्सिर किया। उन्होंने आलाप, जोड़, झाला के बाद विलंबित व मध्य लय की बंदिशों को नजाकत व नफासत से पेश कर संगीतप्रेमियों को आह्लादित कर दिया। इस फनकार ने गायिकी अंग, गतकारी और लयकारी के साथ सात्विक वीणा साज की बारीकियों से भी रूबरू कराया। इस फनकार की प्रस्तुति शास्त्रीय संगीत की गहराई और प्रयोगधर्मिता की खूबसूरत बानगी रही। संगत कलकारों में हिमांशु महंत, महेन्द्र शंकर डांगी, कौशिक कांवर और मानवेन्द्र डांगी ने असरदार संगत से कार्यक्रम में उत्सवी सुरूर भरा। कार्यक्रम में पं. संतोष कुमार नाहर ने बेला वादन और अशोक जामनानी ने अनूठी कविताओं का पाठ किया।

### इन हस्तियों को नवाजा गया

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों को ग्रैमी अवार्ड विनर पद्मभूषण पं.विश्वमोहन भट्ट ने अवॉर्ड प्रदान किए। इनमें ध्रुवपद गायिका डॉ.मधु भट्ट तैलंग, प्रदीप शर्मा, पं. संतोष कुमार नाहर, विद्वान डॉ.कलानाथ शास्त्री को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड और मनीष सिंह ठाकुर, जीतेन्द्र शर्मा, शुभ्रा बोहरा, कौशिक कोंवर को पं.मनमोहन भट्ट स्मृति अवॉर्ड प्रदान किया गया।

### आज पद्मभूषण पं. विश्वमोहन भट्ट की प्रस्तुति रहेगी खास

दो दिवसीय पं. मनमोहन भट्ट स्मृति समारोह के दूसरे दिन पं. अरविंद आजाद का तबला वादन और ग्रैमी अवॉर्ड विजेता पद्म भूषण पं. विश्वमोहन भट्ट की मोहनवीणा साज पर प्रस्तुति खास रहेगी। तबले पर राम कुमार मिश्रा संगति करेंगे।

हार वो सबक होती है, जो जीवन में आपको बेहतर बनने का अवसर देती है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl